कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 346, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 12 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### प्रत्येक परिवार को तात्कालिक रूप से डेढ़ लाख की अंतरिम सहायता दी जाएगी

## जोशीमठ: डेढ़ लाख की मिलेगी अंतरिम सहायता

**गोपेश्वरः** उत्तराखंड मुख्यमंत्री की सचिव ने बुधवार को जोशीमठ आपदा को लेकर सरकार की मौजूदा स्थिति को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि जोशीमठ में आपदा राहत के तहत प्रत्येक परिवार को तात्कालिक रूप से डेढ़ लाख की अंतरिम सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक दो होटल, जो भू धसाव के कारण लटक गए हैं, उनको गिराने करने का आदेश दिया गया है। क्योंकि ये होटल आसपास के भवनों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। इसके अलावा किसी भी भवन को अभी नहीं तोड़ा जा रहा है। उत्तराखंड मुख्यमंत्री की सचिव आर.मीनाक्षी सुन्दरम ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भू धसाव से प्रभावित भवनों का सर्वे किया जा रहा है। असुरक्षित भवनों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी विस्थापन किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को तात्कालिक तौर पर 1.5 लाख की धनराशि अंतरिम सहायता के रूप में दी जा रही है, जिसमें 50 हजार रुपये घर शिफ्ट करने और एक लाख रुपये आपदा राहत मद से एडवांस में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे बाद में समायोजित किया जाएगा। सरकार लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा दे रही है जो लोग किराए के घर पर जाना चाहते हैं, उनको छह महीने तक चार हजार रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। इससे पूर्व उन्होंने हित धारकों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक करते हुए स्पष्ट किया कि भू धसाव से जो भी लोग यहां पर प्रभावित हुए हैं, उनको मार्केट दर पर मुआवजा दिया जाएगा। मार्केट की दर भी हित धारकों के सुझाव लेकर और जनहित में ही तय की जाएगी।





उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय लोगों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जोशीमठ नगर क्षेत्र में भू-धसाव के कारण 723 भवनों को चिन्हित किया गया है जिनमें दरारें आयी है। सुरक्षा के दृष्टिगत आजतक 131 परिवारों के 462 लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में विस्थापित किया है।

**टिहरी बांध प्रभावित भी डर के साए में रहने को मजबूर**

**नई टिहरीः** जोशीमठ की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए टिहरी विधायक ने भी टिहरी बांध की झील के किनारे बसे प्रभावित गांवों का सर्वेक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बांध की झील की वजह से आसपास के कई गांवों के भवनों में दरारें पड़ी है, जिसके कारण लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी बांध की झील बनने के बाद से क्षेत्र के कई गांवों में आवासीय भवन खतरे की जद में है, जिनका समय रहते निराकरण किया जाना जरूरी है, अन्यथा कभी कोई बड़ी जन हानि हो सकती है। उन्होंने कहा कि चंबा कस्बे के नीचे आलवेदर सुरंग बनने से चंबा कस्बे में भी कई मकानों में दरारें आई हैं, सुरक्षा की दृष्टि से समय पर क्षतिग्रस्त भवनों का आकलन कर लोगों को अन्यत्र स्थानों पर शिफ्ट किया जाना चाहिए। उधर, दूसरी ओर वरिष्ठ अधिवक्ता तथा बांध प्रभावित पिपोलाखास के निवासी शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि बांध की झील का जल स्तर (रिजर्वायर) आरएल मीटर 820 मीटर से बढ़ाकर आरएल 832 मीटर कर दिया गया है, लेकिन अभी तक कई प्रभावित ग्रामीणों का विस्थापन नहीं किया है, जिसके कारण प्रभावित गांवों के लोग आए दिन विस्थापन को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहें हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि पिपोला खास के साथ झील के आसपास के कई गांवों में लोगों के आवासीय भवनों में झील के जलस्तर में उतार-चढ़ावा होने के पूर्व में दरारें आई है, जो धीरे-धीरे बढ़ रही हैं। उन्होंने पुनर्वास निदेशालय, टीएचडीसी और जिला प्रशासन से जल्द प्रभावित ग्रामीणों के विस्थापन की मांग की है।

**कर्णप्रयाग के लोग भी भूधंसाव की जद में**

**गोपेश्वरः** चमोली जिले के जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव के बाद कर्णप्रयाग क्षेत्र के निवासी भी कर्णप्रयाग के कई स्थानों पर हो रहे भूधंसाव को लेकर चिंतित दिख रहे है। क्षेत्रवासियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समाधान खोजने की मांग की है। भापका माले के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी, परिवर्तन यूथ क्लब के संयोजक अरविंद चौहान, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष गैरोला, नंदादेवी राजजात समिति के महामंत्री भुवन नौटियाल का कहना है कि कर्णप्रयाग नगर के विभिन्न हिस्सों जिसमें बहुगुणा नगर, गांधी नगर, राजनगर, आईटीआई, ईडा बधाणी, अपर बाजार में भू धंसाव और जमीन के कटाव के चलते स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। लोगों के घरों में भी दरारें आ रही हैं, जो निरंतर बढ़ रही है। लोग डर के साये में, जीवन पर मंडराते खतरे के बीच जीने को मजबूर हैं। बहुगुणा नगर में एनएचआईडीसीएल और मंडी परिषद की ओर से की गयी कटिंग इसका कारण है, राजनगर में भी एनएचआईडीसीएल की ओर से की गयी कटिंग ही इसका कारण है। यह विडंबना है कि ऐसी गंभीर स्थिति के संदर्भ में पूर्व में भी शासन-प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा, लेकिन संकट में घिरे लोगों को इस संकट से उबारने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि भूधंसाव और भू कटाव झेल रहे कर्णप्रयाग नगर के विभिन्न हिस्सों का तत्काल समयबद्ध भूगर्भीय सर्वेक्षण करवाया जाये।

### पूर्व सीएम डॉ. निशंक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**जोशीमठः पूर्व** मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल"निशंक" ने बुधवार को जोशीमठ पहुंचकर भू धंसाव प्रभावित अनेक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने राहत शिविरों में जाकर पीड़ितों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया।

डॉ. निशंक ने प्रभावितों को जिला प्रशासन की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मारवाड़ी में हो रहे भू जल रिसाव का भी निरीक्षण किया। उनके आपदा प्रभावित क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, पूर्व राज्य मंत्री रिपुदमन सिंह रावत,कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह रावत, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र हटवाल के अलावा जोशीमठ के बरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता माधव प्रसाद सेमवाल, भगवती प्रसाद नंबूरी, ऋषि प्रसाद सती, गुडडू लाल,विजया रावत, रोहणी रावत, सुभाष डिमरी,अमित सती, मुकेश डिमरी, महाबीर बिष्ट और युवा मोर्चा के भगवती मैदुली आदि उनके साथ थे।

### जोशीमठ के पीड़ितों को हरसंभव सहायता दी जाए : जेपी नड्डा



**देहरादून।** जोशीमठ के संकटग्रस्त क्षेत्रों में जहां सरकार संगठन और भाजपा के बड़े पदाधिकारी जनता की सेवा में लगे हुए हैं वहीं सरकार की ओर से भी राहत कार्यों की व्यवस्था की जा रही है ।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को फोन कर जोशीमठ के बारे में जानकारी ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि मानवीय संवेदना के आधार पर जनता की हरसंभव सहायता की जाए। उन्होंने कहा है कि शासन-प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री हर संभव मदद का प्रबंधन करें। उन्होंने सीएम और प्रदेश अध्यक्ष से कहा प्रभावितों के साथ मानवतावादी व्यवहार किया जाए। किसी प्रकार की जनहानि न हो इसके लिए सरकार जिम्मेदारी तय की जाए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को राहत कार्यों में जुटाने का निर्देश दिया जाए ताकि जनता को हरसंभव सहायता मिल सके।

## विकसित भारत के निर्माण में एमपी की अहम भूमिका : मोदी

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि जब हम विकसित भारत की बात करते हैं, तो ये सिर्फ हमारी इंस्पिरेशन नहीं बल्कि हर भारतीय का संकल्प है। विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। आस्था से अध्यात्म तक मध्य प्रदेश अजब-गजब और सजग है। कृषि से लेकर शिक्षा से लेकर सभी क्षेत्रों में मध्य प्रदेश अजब है, गजब और सजग भी है। इन्वेस्टर्स समिट ऐसे समय में हो रही है जब भारत का अमृत काल शुरू हो चुका है। हम सभी विकसित भारत के लिए जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री इंदौर में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के उद्घाटन सत्र को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर इंदौर में आयोजिज कार्यक्रम में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी,



गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी का मैं स्वागत करता हूं। इस समिट को मेरी अनेक शुभकामनाएं हैं। मध्य प्रदेश का सामर्थ्य, मध्य प्रदेश का संकल्प आपकी प्रगति में दो कदम चलेंगे, ये मैं आपको विश्वास के साथ कहता हूं। मध्य प्रदेश में भी इस स्कीम की वजह से सैकड़ों करोड़ का निवेश आया है। प्रदेश को बड़ा फार्मा हब, टेक्सटाइल हब बनाने में इस योजना का महत्व है। मध्य प्रदेश आ रहे इन्वेस्टर्स से आग्रह है कि पीएलआई स्कीम का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिक होता इन्फ्रास्ट्रक्चर, मल्टीमॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर भी इन्वेस्टमेंट की संभावनाओं को जन्म दे रहा है। आज इन सभी प्रयासों से मेक इन इंडिया को नई ताकत मिल रही है। मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में भारत तेजी से विकास कर रहा है। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम के तहत ढाई लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के इन्सेंटिव की घोषणा की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का नया भारत अपने प्राइवेट सेक्टर्स की ताकत पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ रहा है। हाल ही में हमने नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया है, जिससे मध्य प्रदेश भी जुड़ चुका है। अभी तक लगभग 50 हजार स्वीकृतियां दी जा चुकी हैं।

### बिहार :पुलिस की बर्बरता से उग्र हुए किसान

**पटना।** बिहार के बक्सर जिले के चौसा थर्मल पावर प्लांट की अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर चल रहा किसानों का प्रदर्शन बुधवार को उग्र हो गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। मुआवजे की मांग को लेकर पिछले दो महीने से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों के घर में मंगलवार आधी रात घुसकर पुलिस ने महिलाओं-बच्चों की बर्बरतापूर्ण पिटाई की।

## संकट में हर नागरिक के साथ खड़ी है सरकार : सीएम



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने बुधवार को दिवंगत वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर डीके गुप्ता व सुपरिचित भोजपुरी गायक संतराज गोरखपुरी के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मृतकों के परिजन उन्हें धन्यवाद दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह स्वर्गीय डीके गुप्ता व स्वर्गीय संतराज गोरखपुरी के परिजनों से गोरखनाथ मंदिर के अपने सभाकक्ष में मुलाकात की। शोक संवेदना जताने के साथ परिजनों को ढांढस भी बंधाया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने अपने विवेकाधीन कोष से पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता सम्बन्धी चेक प्रदान किया। साथ ही दोनों के परिवारों को आश्वस्त किया कि दुख और संकट की घड़ी में वह और उनकी सरकार हर वक्त साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दोनों परिवारों के लोगों से आत्मीय संवाद किया और कहा कि किसी भी तरह की आवश्यकता होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। वह सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर हैं।

**परिजनों ने कहा, "हमारे अभिभावक हैं महाराजजी":** मुख्यमंत्री से मिले इस संबल पर स्वर्गीय डीके गुप्ता की पत्नी कुसुम गुप्ता व संतराज गोरखपुरी की पत्नी बिंदु देवी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि महाराज जी उनके लिए अभिभावक की तरह हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तीन दशक तक पत्रकारिता जगत में सक्रिय रहने वाले डीके गुप्ता (दिनेश कुमार गुप्ता) के निधन से पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने भोजपुरी गायक संतराज गोरखपुरी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया और कहा कि अपनी संगीत साधना से संतराज गोरखपुरी ने भोजपुरी गायकी को विशिष्ट पहचान दी।

## कुपवाड़ा में सेना के 3 जवान शहीद

**कुपवाड़ाः** जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में सेना का अफसर और 2 जवान शहीद हो गए। ये तीनों भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स के सैनिक थे। इनमें एक खउड (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) और 2 (अन्य रैंक) का एक दल रेगुलर ऑपरेशन के लिए निकला था। बर्फ के कारण उनकी गाड़ी फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। तीनों जवानों के शव मिल गए हैं। मरने वालों के नाम नायब सूबेदार परषोत्तम कुमार, हवलदार अमरिक सिंह और सिपाही अमित शर्मा हैं।

**दो हफ्ते पहले भी गई थी 16 जवानों की जानः** सिक्किम के जेमा में 15 दिन पहले आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया था, इसमें 16 जवान शहीद हो गए थे। आर्मी के दो वैन और थे। तीनों वाहन शुक्रवार सुबह चटन से थंगू के लिए निकले थे। रास्ते में ट्रक एक मोड़ पर फिसलकर खाई में जा गिरा था। इस हादसे में 4 जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें बाद में एयरलिफ्ट किया गया था। पिछले साल नवंबर में भी कुपवाड़ा के माछल इलाके में 3 जवान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। 2 जवानों को बर्फ के नीचे से सुरक्षित निकाला गया था।

### जमीन पर उतरे डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट

## शिवराज के राज में बढ़ा निवेश व रोजगार

**इंदौरः मध्य** प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जानेवाले इंदौर शहर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आज शुरू गई है। ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में हो रही इस समिट से उम्मीद है कि इसमें दो लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू हो सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2007 से ही मध्य प्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट दुनिया भर के निवेशकों और व्यापार समुदाय के लिए बहुत बड़ा सुअवसर बना है। इस बार भी जीआईएस एक ऐसा मंच है, जहां वैश्विक नेता, उद्योगपति और विशेषज्ञ उभरते




बाजारों पर अपने विचार साझा करने, निवेश क्षमता का दोहन करने की मंशा से मध्य प्रदेश की सफलता की कहानी का हिस्सा बनने के लिए एक साथ आए हुए हैं ।

**समिट "फ्यूचर रेडी मध्य प्रदेश" के लिए ये दिग्गज आए यहांः** इस बार समिट की थीम "फ्यूचर रेडी मध्य प्रदेश" रखी गई है। उद्योग जगत के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बिजनेस से बिजनेस और बिजनेस टू ग्रुप मीटिंग में खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह शामिल होकर उद्योगपतियों से निवेश को लेकर चर्चा कर रहे हैं। समिट में नादिर गोदरेज, गोदरेज इंडस्ट्रीज, कुमार मंगलम बिड़ला, चेयरमैन आदित्य बिड़ला ग्रुप, नोयल एम टाटा, चेयरमैन टाटा इंटरनेशनल, प्रणव अडानी, एमडी अडानी ऑइल एग्रो एंड गैस, संजीव पुरी, सीएमडी, आईटीसी, संजय किर्लोस्कर, सीएमडी, किर्लोस्कर ब्रदर्स, अजय पिरामल, पिरामल इंटरप्राइजेस, अभय फिरोदिया, संजीव बजाज, सीएमडी, बजाज फिनसर्व, राकेश भारती मित्तल, वाइस चेयरमैन, भारती इंटरप्राइजेस।

### वर्ष 2022-23 में राज्य में 10 हजार खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य निर्धारित

## यूपी: इस वर्ष बनेंगे दस हजार खेत तालाब

**लखनऊ।** धरती की कोख सूख रही है। गंगा, यमुना एवं सरयू जैसी सदानीरा नदियों वाले उत्तर प्रदेश में ऐसा न हो इसके लिए राज्य की योगी सरकार ने खेत तालाब और अमृत सरोवर जैसी योजनाएं प्रारम्भ की है। खासकर बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र का वह इलाका जहां औसत से कम बारिश होती है और भूगर्भ जल भी अपेक्षाकृत नीचे है। इस क्षेत्र को केंद्र में रखकर बनायी गयी है खेत तालाब योजना। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य में 10 हजार खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष माह दिसम्बर तक 4895 खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका



है। 1874 खेत तालाबों का पक्की संरचनाओं का कार्य प्रगति पर है। योजना के तहत अब तक लगभग 25000 से अधिक तालाब खुद चुके हैं। इनमें से अधिकांश (80 फीसद) बुंदेलखंड, विंध्य, क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल ब्लाकों में हैं। अगले पांच साल का लक्ष्य 37,500 खेत तालाब निर्माण की है। इनका निर्माण कराने वाले किसानों को सरकार 50 फीसद का अनुदान देती है। इस समयावधि में इन पर 457.25 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि प्रदेश में अमृत सरोवर, गंगा तालाब एवं बड़ी नदियों के किनारे बहुउद्देश्यीय तालाब योजना भी चल रही है। इन योजनाओं से एक साथ कई मकसद पूरे हो रहे हैं। भूगर्भ जल तो ऊपर उठ ही रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि बात चाहे लुप्तप्राय हो रही।

## तीन सहकारी समितियां बनाने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने सहकार से समृद्धि और ग्रामीण क्षेत्र में कृषकों की आय बढ़ाने के लिए तीन नए सरकारी सहकारी संघ बनाने का फैसला किया है। बीजों, जैविक उत्पादों और निर्यात के लिए इन तीन क्षेत्रों में बहुराज्यीय सहकारी समितियां बनायी जायेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज (एमएससीएस) एक्ट, 2002 के तहत बीज, जैविक उत्पाद और निर्यात से जुड़ी एक-एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां के स्थापना को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण कृषि क्षेत्र की आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना और देश के कृषि उत्पाद का निर्यात में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इन सहकारी समितियों से उपज अंतराल को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। जैविक उत्पादों के एकत्रीकरण, खरीद, ब्रांडिंग और विपणन के लिए एक संगठन तैयार होगा। साथ ही सहकारी समितियों के समावेशी विकास मॉडल के माध्यम से सहकार-से-समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इन सहकारी समितियों में प्राथमिक से राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियां सदस्य बन सकती हैं। इनमें प्राथमिक समितियाँ, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के संघ और बहु राज्य सहकारी समितियाँ शामिल हैं। इन सभी सहकारी समितियों के उपनियमों के अनुसार सोसायटी के बोर्ड में उनके निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन को लेकर सांसद से लगाई गुहार


**करछना।** सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी के यमुनापार दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए गंगा और टोंस के घाटों पर हो रहे अवैध खनन को लेकर गुहार लगाई।लोगों ने कहा कि बीते दिनों यह मामला उठाये जाने पर स्थानीय प्रशासन चौकन्ना जरूर हुआ किंतु अवैध खनन से जुड़े लोगों को लेकर कहीं तो ज्ञात और कहीं अज्ञात कहकर मुकदमा की खाना पूर्ती की जा रही है।जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बताया कि अवैध खनन के चलते क्षेत्र की कई सड़के टूटकर जर्जर हो चुकी है और यमुनापार प्राकृतिक संपदा का खनन माफियाओं द्वारा दोहन किया जा रहा है।मिशन ने इसके पहले भी इसे लेकर आवाज उठाई है। कार्यकर्ताओं की बात सुनने के बाद सांसद सीधे खनन अधिकारी से बात करते हुए ऐसे अवैध कार्य में लिप्त लोगों को चिंहित कर अवैध खनन पर लगाम लगाने पर जोर दिया।इस दौरान सांसद ने कई गांव का दौरा करते हुए समस्याओं से रूबरू हुई। इस मौके पर उनके साथ कई भाजपाई मौजूद रहे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**मानस नगर कॉलोनी में मंगलवार को दोपहर की घटना, पति के अनुसार वह मायके जाने की जिद कर रही थी मना करने पर पति से विवाद किया फिर ये कदम उठा लिया**

**नैनी।** कोतवाली अंतर्गत मानस नगर कॉलोनी में मंगलवार को दोपहर में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति का कहना है कि वह मायके जाने की जिद कर रही थी मना करने को अपने पति से विवाद किया और फिर ये कदम उठा लिया। सोमवार को मृतका के ससुर की बरसी थी जिसमें पूरे परिवार के लोग एकत्रित हुए थे। मायके वालों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नैनी कोतवाली के मानस नगर मोहल्ला निवासी मनीष जायसवाल कबाड़ के थोक कारोबारी है उनकी पत्नी चंदौली निवासी पूजा जायसवाल ( 27 ) के साथ वर्ष 2017 में हुई थी। मनीष दो भाइयों में छोटा है। मनीष के पिता देववंश जायसवाल आरएसएस से जुड़े हुए थे। एक महीने पहले हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। मनीष जायसवाल के नैनी में दो मकान है। एक मकान जवाहर नगर मोहल्ले में है। वही पर मनीष की कबाड़ की गोदाम है। मनीष की मां जवाहर नगर मोहल्ले वाले घर में रहती है। मनीष के पिता की 9 जनवरी को बरसी थी। इसलिए वह अपनी पत्नी पूजा और दोनों बेटों को लेकर जवाहर नगर वाले मकान में मां के साथ कह रहा था। बरसी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद 10 जनवरी को दोपहर में 2:00 बजे वह अपनी पत्नी और बच्चे को मानस नगर वाले



मकान में छोड़कर अपने गोदाम पर चला गया। शाम को मनीष की भाभी ने उसे सूचना दी कि पूजा अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। वह आकर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। रोशनदान से देखा तो वह पंखे के चुल्ले में साड़ी के पंखे से फांसी पर लटक रही थी। सूचना के बाद पहुंची नैनी पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पूजा का मायका चंदौली में है। उसके मायके वालों को सूचना दे दी गई है।

### सरायममरेज : कलना गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया

**धनूपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत कलना गांव में ग्राम चौरा माता मंदिर प्रांगण में स्थित नीम के पेड़ से लटकर युवक ने जान दे दिया। पिता सोहनलाल की तीन वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है उसके तीन पुत्रों में सबसे बड़े अनिल कुमार जो कि गांव में ही मकैनिक का काम करता था ग्रामीणों के अनुसार अनिल नशे का सेवन करता था और हमेशा इसी को लेकर परिवार में कलह लड़ाई झगड़ा होता रहता था। मंगलवार देर रात ग्राम चौरा माता मंदिर में स्थित नीम की पेड़ पर चढ़ गया और फांसी लगाकर जान दे दिया।परिजनों को लगा कि कहीं गया होगा आ जाएगा घने कोहरे और ठंड के कारण रात में कहीं खोजबीन नहीं किया। बुधवार सुबह ग्रामीणों को अनिल का शव? पेड़ से लटका दिखाई दिया तो परिजनों को सूचना दिया। देखते देखते सैकड़ों लोग जुट गए और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सरायममरेज पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया।मां सीता देवी, पत्नी पिंकी देवी और 12 वर्ष के बेटे, 7 एवं 3 वर्ष की बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है अनिल की आकस्मिक मौत से परिजन एवं ग्रामीण हतप्रभ हैं।

### दबंगों की गुंडई चौराहे पर खुलेआम लहराए असलहा चाकू मार कर किया जख्मी

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा में डेढ दर्जन गुंडे दो कार से आए एक युवक को फोन कर-के बुलाया आते ही सादे स्टांप पेपर हस्ताक्षर करने को कहे न करने पर राइफल निकाल कर दौडा दौडा कर पीटे तथा चाकू मारने पर हथेली पर पकड लेने पर चाकू से हथेली कट गई। लोगों के एकत्रित होने पर भाग गए। भुक्भोगी ने चार नामजद पन्द्रह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के आजमपुर निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र अब्दुल मन्नान का कहना है कि उसे फोन करके एक युवक तीन बत्ती स्थित चौराहे पर लल्लू होटल की दुकान पर बुलाया गया। अरशद का आरोप है कि आते ही उसने देखा कि काली रंग की दो कारें जिसपर डेढा दर्ज लोग बैठे थे। उसे एक सादे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करने को कहे न करने पर उसे दौडा दौडा कर पीटा गया और राइफल और चाकू निकाल लिया गया उसे चाकू मारने की कोशिश की गई तो वह चाकू को पकड लिया । जिससे उसकी हथेली कट गई। अरशद का आरोप है कि बाहरी गुंडों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए स्थानीय लोगों के एकत्रित होने पर कार पर बैठ कर भाग गए। मोहम्मद अरशद ने मऊआइमा थाने में तौफीक पुत्र शब्बीर तौकलपुर, निसार पुत्र शब्बीर, गुफरान ,अरबाज पुत्रगण इसराइल सभी निवासी गण धर्मपुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़ तथा पन्द्रह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




## सहकारी बैक द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें : सुनील

**करछना।** नावार्ड के वित्तीय समायोजन और साक्षरता निधि के अंतर्गत करछना में सीएचसी करछना के समीप एक कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया।शाखा करछना द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता गोष्ठी में मुख्य अतिथि रहे मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस समय सहकारी बैंकों द्वारा नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों को आवास,वाहन ऋण,स्वयं सहायता समूहों को ऋण की सुविधा,किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम कृषकों को ऋण की सुविधा,प्राथमिकता क्षेत्रों में सर्वाधिक ऋण वितरण के अलावा अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,फसल बीमा योजना,दुर्घटना बीमा योजना समेत ड्रिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक द्वारा कई तरह की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है।लोगों को चाहिए कि बैंकों से जानकारी लेकर समय से इसका लाभ उठाये।संचालन करते हुए शाखा प्रबंधक संजय कुमार जैसवार और एडिओ कापरेटिव सोनल शुक्ला ने कहा कि अपने बकाया कृषि ऋण को जमा करने के बाद तत्काल तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है।इसके अलावा भी जमा निपेक्ष खातों,एटीएम कार्ड एवं लॉकरों के नामांकनों की भी सुविधा दी जा रही है।गोष्ठी के दौरान सहभागीदार सार्या सेवा समिति के लोक कलाकारों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई।उन्होने वरिष्ठ खाता धारकों का शाल ओढाकर सम्मान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान सिंह पटेल ने की।इस मौके पर राम ललक सिंह पटेल,शोभनाथ द्विवेदी, अशोक सिंह,पुष्पराज सिंह,विनोद मिश्रा,अमित सिंह समेत समूह के लोग भी मौजूद रहे।

# द्विवार्षिक अधिवेशन में चुने गए पदाधिकारी, दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** बुधवार को एसोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन जनपद शाखा प्रयागराज के द्विवार्षिक अधिवेशन एवं प्रांतीय कार्यकारिणी का सम्मान समारोह लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के संघ भवन में संपन्न हुआ। संगठन द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पाल एवं प्रांतीय महामंत्री अरुण कुमार शुक्ला को चुना गया। पदाधिकारियों को माला फूल एवं संगठनात्मक सम्मान करते हुए जनपद अध्यक्ष जीवन लाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। अधिवेशन में निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए। धर्मेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष, उमेश कुमार उपाध्यक्ष, राजेश कुमार तिवारी मंत्री, राजेंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष संजय कुमार भारतीय संप्रेक्षक उपरोक्त। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर हौसला प्रसाद मिश्र पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व प्रांतीय उपाध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि इंजीनियर प्रकाश सिंह, प्रान्तीय महासचिव डिप्लोमा इंजीनियर संघ उत्तर प्रदेश, इंजीनियर बीके पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, इंजीनियर महीप वर्मा मंडल अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संघ ल.सिं. प्रयागराज, राम चिराग त्रिपाठी जनपद अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, विनोद पांडे मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, इंजीनियर राजीव श्रीवास्तव अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ प्रयागराज, कमल श्रीवास्तव अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ विकास भवन प्रयागराज रहे।

## कोहरे के चलते बाइक सवार ट्रक में भिड़ा, घायल

**सहसों।** सर्दी के इस मौसम में तेज कोहरे के कारण सड़क मार्ग पर आम जनमानस को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आए दिन मार्गों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार को कनौजा कला गांव निवासी प्रियम पांडे पुत्र संतोष पांडे 27 वर्षीय बाइक से प्रयागराज परीक्षा देने के लिए सुबह सात बजे घर से निकले। जैसे ही वह देवनहरी गांव के सामने पहुंचे थे कि पहले से राजमार्ग की पटरी पर खड़ी ट्रक में घने कोहरे के कारण पीछे से भिड़ गया। जिससे वह सिर में चोट व एक पैर में फ्रैक्चर हो जाने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए तत्काल सरकारी एंबुलेंस को बुलाकर सीएचसी फूलपुर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।

## नगर पंचायत मऊआइमा के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समाप्त

**अब कमान जिला स्तर के अधिकारी व अधिशासी अधिकारी के हाथों में**

**मऊआइमा।** शासनादेश एंव न्यायालय के निर्देश पर मऊआइमा के अध्यक्ष एंव सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। अब जिला स्तर के अधिकारी और आधिशासी अधिकारी के हाथों में कमान सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत जिले की सबसे पुरानी नगर पंचायत है। इसकी स्वीकृति सन 1921 में तथा स्थापना नजरी नकशा 1939 में हुई थी। यहां के प्रथम चेयरमैन फैज उल्ला ,फिर अय्यूब मियां , तुफैल मियां के आकस्मिक मौत के बाद निर्विरोध हाजी अब्दुल समद ,मोहम्मद इसहाक ,अब्दुल हकीम ,मोहम्मद उमर एडवोकेट ,के बाद 19 वर्षों तक चुनाव नहीं हुए । फिर अब्दुल रशीद फिर ,उनकी पत्नी इसलाहुन निशां ,मोहम्मद नोमान ,एक साल रिक्त के बाद शोएब अंसारी ,फिर मोहम्मद शोएब अंसारी ,फिर उनकी पत्नी फातमा अंजुम अध्यक्ष रहीं। नगर पंचायत क्षेत्र में कुल चौदह वार्ड हैं। जिनके सदस्य शाहगंज से सत्यपथी देवी ,मुस्तफाबाद से पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,पूरा काजी पसियान से रवि गुप्ता ,मौलाना से जमीरउद्दीन, आजमपुर नया पूरा से फिरोजा बानों ,कजियाना कलां से तौकीर अहमद ,पूरे मियां जी उत्तरी से नाहिदा बानों ,पूरा मियां जी दक्षिणी से नासीरा परवीन ,महतवाना से शाहिद अख्तर ,आजमपुर पूर्वी से तबस्सुम ,हजियाना से कौशर गयास, पूरा काजी से प्रदीप केसरवानी ,अबूहलीम पटटी से शबाना बानों ,आजमपुर पशिचमी से मोहम्मद सालिम सदस्य रहे हैं।नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग चालिस हजार तथा मौजूदा मतदाता 16 हजार के आस पास है।अभी निकायों का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है तथा मार्च के बाद चुनाव होने की संभावना है। तब तक नगर पंचायत का कार्यभार आधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा एंव जिला स्तर के अधिकारी देखेंगें। आधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी जिले स्तर के अधिकारी का नाम नहीं आया है। जिसका इंतजार किया जा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### 19 जनवरी को तिरंगा पद यात्रा जंघई से लखनऊ के लिए प्रस्थान



**जंघई।** जन कल्याण सेवा संघ भोगीपुर, सेमरी जंघई के संस्थापक रोहित तिवारी पुत्र विजय कुमार तिवारी द्वारा 19 जनवरी को गांव के चौरा माता मंदिर से तिरंगा पद यात्रा निकाली जाएगी जो कि विभिन्न हिस्सों से होते हुए विधानसभा भवन लखनऊ पहुंचेगी। विधानसभा भवन के सामने 26 जनवरी को रोहित ब्राह्मण द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। रोहित तिवारी के अनुसार इस पदयात्रा का उद्देश्य मेरे तथा मेरे गांव एवं क्षेत्र की तरफ से राष्ट्र के प्रति सच्ची श्रद्धा, देश प्रेम और इस पदयात्रा द्वारा जंघई क्षेत्र हेतु एक इतिहास बने यही उद्देश्य है।

### 26 जनवरी तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि होंगे पूर्व सांसद धनंजय सिंह

**जंघई।** 26 जनवरी को जंघई में होने वाले 51 मीटर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह होंगे। तिरंगा यात्रा के आयोजकों ने रोहित ब्राह्मण संस्थापक जन कल्याण सेवा संघ के नेतृत्व में पूर्व सांसद धनंजय सिंह के आवास पर मिलकर उनसे तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि बनने का अनुरोध किया जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा को बेहतर बनाने हेतु विशेष चर्चा हुई जिस पर पूर्व सांसद ने आश्वासन दिया है कि मैं इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में अपना पूरा समय दूंगा और आप सभी के साथ पदयात्रा में भी शामिल रहूंगा।इस अवसर पर बच्चन मिश्रा प्रधान, विजय मिश्रा समाजसेवी, केडी मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सुकृत अस्पताल में नौ माह का गर्भ और साथ में आठ इंच का ट्यूमर



**कोरांव।** कोरांव के सुकृत अस्पताल में सर्जन डाक्टर आर के कुशवाहा ने एक प्रसव कराने गई महिला का पेट में आठ इंच का बड़ा ट्यूमर और साथ में आने वाली कई समस्याओं के दृष्टिगत एक नार्मल डिलीवरी कराई। बता दें कि उक्त महिला मरीज का उपचार और डिलीवरी परिजनों के लिए चिंता का विषय रही। कई अस्पतालों में परामर्श के बाद मां और बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। महिला रोगी संगीता कुशवाहा मऊगंज जिला रीवा का डिलीवरी शाम तीन बज कर दो मिनट पर कराई गई,बच्चा दो किलो छ सौ ग्राम वजन रहा। जो चर्चा का विषय रहा।

### दुर्घटना में बाल-बाल बचे जिला पंचायत सदस्य डॉ. विजय एयर बैग की बदौलत बच गई गाड़ी में बैठे सभी लोग

**करछना।** विकास खंड के डीहा गधियाव गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव लखनऊ से लौटते समय घने कोहरे के कारण मानिकपुर हाईवे रोड पर बीती रात उनकी गाड़ी फॉर्चूनर सामने से आ रहे डंपर में टकरा गई जिससे फॉर्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए तथा गाड़ी में बैठे उनके परिजनों में पत्नी बेटी बेटा बाल-बाल बच गए समय रहते फॉर्च्यूनर गाड़ी में टक्कर होते गाड़ी में लगा एयर बैग खुल जाने के कारण गाड़ी में बैठे सभी लोगों की जान बच गई तथा गाड़ी की कंडीशन को देखकर ऐसा लगता था गाड़ी में बैठी कोई भी सवारी सकुशल नहीं होगी लेकिन एयर बैग ने जिला पंचायत सदस्य एवं उनके परिजनों को बचा लिया बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्य विजय यादव 1 दिन पूर्व लखनऊ में पढ रही अपनी बेटी से मिलने गए थे।

## कोटेदारों ने उड़ाई अफवाह ! अब नहीं मिलेगा राशन, कार्ड धारकों में बेचैनी

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों ने अब यह अफवाह फैलाई है कि सरकार ने कोटे से मिलने वाला खाधान्न बंद कर दिया है। जबकि अधिकारियों ने कहा सब अफवाह है। ऐसे खुराफाती कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। गोदाम से कोटेदारों को निरंतर आपूर्ति दिया जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण भी शुरू है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों ने गरीबों का राशन हडपने के लिए नया शगूफा छोडा है कि सरकार ने अनाज बंद कर दिया है।तथा अब अनाज कार्डधारकों को नहीं मिलेगा। यह सुनते ही कार्डधारकों में बेचैनी बढ गयी। जब सम्बंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है यह सब कोटेदारों की दिमागी उपज है ऐसे कोटेदारों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। गोदाम से वितरण के लिए निरंतर अनाज कोटेदार उठा रहे हैं और वितरण भी चल रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों पर कार्ड धारक बराबर कम तौलने का आरोप लगाते चले आ रहे हैं। परन्तु आज तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है? मनबढ कोटेदारों पर आज कल पर अनाज देने के लिए दौडाते रहते हैं। कार्डधारकों ने नगर पंचायत क्षेत्र के कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए इलेक्ट्रॉनिक काटे से तौलने की मांग की है।

## दो माह से कस्बा चौकी प्रभारी की नही हुई तैनाती हल्कों में दरोगाओं की कमी

**मऊआइमा।** कस्बा चौकी प्रभारी का स्थांतरण हुए दो माह गुजर गए। आज तक किसी भी प्रभारी की तैनाती न होने से विवेचना अधूरा पडा हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा कस्बा में तैनात प्रभारी का स्थांतरण हुए लगभग दो माह हो गए हैं। परन्तु आज तक कोई प्रभारी की तैनाती न होने से कस्बे की विवेचना का कार्य अधूरा पडा हुआ है। इसी प्रकार हल्का नम्बर एक में तीन दरोगाओं की जगह एक दरोगा, हल्का नम्बर दो में तीन द?ोगाओं की तैनाती है। जबकि तीन में केवल दो द?ोगाओं की तैनाती है। हल्का चार में तीन के स्थान पर एक दरोगा की तैनाती है। मऊआइमा में पुलिसकर्मियों की तैनाती न होने से क्षेत्र की निगरानी का भार तैनात अन्य द?ोगाओं पर पड रहा है।





नवीन परती पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराते तहसीलदार व पुलिस टीम

# न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार ने खाली कराया अवैध निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के गाढा गांव में अवैध नवीन परती की भूमि पर पुश्तैनी कच्चा मकान खपरैल बना हुआ था न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार व राजस्व टीम ने पुलिस के साथ पहुंचकर जेसीबी से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया।

ज्ञातव्य हो कि नवीन परती जमीन पर कमला शंकर पुत्र रामजीत का पुश्तैनी मकान खपरैल बना हुआ था ।गांव के ही लालचंद पुत्र तौलन के द्वारा गांव सभा के जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर न्यायालय में याचिका दाखिल किया था जिसको लेकर न्यायालय की निर्देश पर तहसीलदार अनिल वर्मा क्षेत्रीय लेखपाल अंकित कुशवाहा व थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर गांव सभा की जमीन की नवीन परती खाते की भूमि पर बने पुश्तैनी पुराने कच्चे मकान को जेसीबी मशीन के जरिए ध्वस्त करा दिया। इस संदर्भ में तहसीलदार कोरांव अनिल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट का बहुत पहले आदेश आया हुआ था किंतु पुनः स्पष्ट निर्देश आने के बाद नवीन परती पर बने मकान को जेसीबी मशीन से खाली कराकर कार्रवाई की गई।

# प्राथमिक शिक्षक संघ जसरा ने वृद्धाश्रम में जूते एवं मोजों का वितरण कराया



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** आधारशिला वृद्धाश्रम नैनी में टीम जसरा प्रयागराज द्वारा निवासरत सभी 100 बृधजनों को ठंड से बचाने हेतु जूते एवं मोजों का वितरण किया गया प्राथमिक शिक्षक संघ जसरा के अध्यक्ष डॉ एस पी सिंह वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब की सेवा से जो आशीर्वाद प्राप्त होता है वह ईश्वर की पूजा से भी बढ़कर है प्रत्येक आत्मा में परमात्मा का वास होता है इसलिए आप सब हमारे लिए भगवान के समान हो मंत्री सरोज कुमार पटेल ने कहा कि हम सब आप लोगों की सेवा हेतु समय समय पर उपस्थित होते रहेंगे टीम जसरा के सदस्यों द्वारा भावनात्मक सहयोग आत्मीय भाव एवं विचारों के माध्यम से प्यार व स्नेह पाकर निवासरत माता पिता भावुक होकर दुआएं देते रहे आश्रम प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान के माध्यम से वृद्ध आश्रम की समस्त सुख-सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है सामाजिक सोच एवं विचारों के माध्यम से समाजसेवियों द्वारा वृद्धजनों के हित में की गई सेवा से वृद्ध माता-पिता को आंतरिक खुशी के साथ-साथ जीवन के प्रति उत्साह की अनुभूति होती है परियोजना समन्वयक विमल गिरी ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर पूनम सिंह अनुपमा सिंह अमिता पाठक प्रमोद पाठक अनिल भारद्वाज जितेंद्र शर्मा सुधीर कुमार अनुकृति श्रीवास्तव मनसा देवी राम अंशु आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने बांटे 101 कंबल



**जसरा।** इन दिनों भीषण ठंड पड़ने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है लेकिन सबसे ज्यादा इससे गरीब परेशान हैं। गरीबों के सुख दुख में सदैव साथ रहने वाले समाजसेवी मुकेश द्विवेदी प्रतिवर्ष सर्दी के दिनों में गांव में जा जाकर गरीबों को कंबल वितरित करते हैं। उन्होंने अपने गांव कंजासा में जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों कंम्बलों का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ० वाचस्पति रहे। विधायक बारा ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने कहा कि इस साल अन्य वर्षो की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही सर्दी पड़ रही है। जिससे गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री द्विवेदी ने कहा की बेरोजगार होने के साथ-साथ गरीबों की सेवा करने की अभिलाषा सदैव बनी रहती है। इसलिए जरूरतमंदों को कंबल वितरण करने का विचार कियो कार्यक्रम में मिश्र बंधुओं ने सुंदर गीतों के माध्यम से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी लालमणि तिवारी , जिला पंचायत सदस्य जय सिंह पासी,लाला शुक्ला, बृजेश यादव राजन तिवारी उमेश शुक्ला श्यामू निषाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भीषण ठंड में सावधान बरतें व स्वस्थ रहें

**सहसों।** भीषण ठंड में आम जन जीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह शाम घर पर मवेशी की देखरेख के साथ घरेलू कार्य के चलते लोग ठंड से बेहाल हैं। वही ठंड से लोग बीमारी के चपेटे में आने से जान भी गवा रहे हैं।शुगर, बीपी तथा श्वास रोग से पीड़ित व्यक्ति को अधिक सावधानीपूर्वक रहने की आवश्यकता है। इस संबंध में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर विमल चौरसिया ने लोगों को सलाह दी है कि वे ठंड से बचाव के लिए स्वेटर, टोपी, दस्ताने और मोजे पहनें, ठंडे पानी से ना नहाएं, गुनगुने पानी एवं गर्म पेय पदार्थों का प्रयोग करें, तली भुनी चीजें ना खाएं तथा बीपी शुगर के मरीज समय से अपनी दवाइयां लें एवं कोई भी समस्या होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होने बताया कि ठंड के कारण हृदय की रक्त वाहिनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे दिल को जाने वाले खून का प्रवाह कम हो जाता है। जिसकी वजह से दिल के दौरे का जोखिम बढ़ जाता है। इसी तरह सर्दियों में दिमाग की रक्त वाहिनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे बीपी बढ़ जाता है एवं दिमाग की नसें फट जाती हैं और मरीज को ब्रेन स्ट्रोक व ब्रेन हैमरेज हो जाता है। वैसे तो सर्दी के प्रकोप से कोई भी अछूता नहीं है लेकिन हाई बीपी एवं मधुमेह के मरीजों और बुजुर्गों को सर्वाधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। अन्यथा इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ठंड के मौसम में सावधानी अति आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### छात्र व दुकानदार को पीटा, एक गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के हनुमान नगर स्थित एक हॉस्टल के छात्र, दुकानदार व बाहरी छात्रों के बीच मंगलवार रात जमकर मारपीट हुई। दुकानदार की पिटाई होता देख आसपास के लोगों ने विरोध किया तो बाहरी छात्र धमकी देते हुए भागने लगे। उसी दौरान एक छात्र को लोगों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल दुकानदार को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजने के साथ ही पकड़े गए छात्र को हिरासत में लेकर कोतवाली उठा ले गई। हनुमान नगर मोहल्ले में स्थित जूते चप्पल की दुकान चलाने वाले सूरज को मंगलवार रात दो बाइक से पहुंचे चार लोगों ने किसी बात को लेकर पहले कहासुनी की बाद में उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोरशराबा सुनकर हॉस्टल में रहने वाले छात्र व आसपास के दुकानदार बीच- बचाव में आ गए। मारपीट में दुकानदार सूरज व एक अन्य व्यापारी बाबू शर्मा को चोटें आई। आसपास के दुकानदारों ने जब विरोध शुरू किया तो बाहरी छात्र भागने लगे। भागने के दौरान एक छात्र को स्थानीय दुकानदारों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने घायल दुकानदारो को इलाज के लिए भेजने के साथ ही मारपीट करने वाले छात्र को हिरासत में ले लिया।






# सैदाबाद बाजार में बने शाही मस्जिद का हुआ ध्वस्तीकरण

## शेरशाह सूरी के समय में हुआ था निर्माण, लोक निर्माण विभाग की मौजूदगी में की गई कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया तहसील के अंतर्गत आने वाले सैदाबाद बाजार मे सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग की जमीन पर शेरशाह सूरी के समय मे बनी शाही मस्जिद को कड़ी प्रशासनिक सुरक्षा बल और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जमीदोज कर दी गई, इस दौरान स्थानीय लोगो की आंखों में आंसू देखने को मिला।लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रयागराज से जीटी रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसको लेकर शाही मस्जिद को पहले ही नोटिस दिया गया था लेकिन शाही मस्जिद को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने उच्च न्यायालय मे गुहार लगाई थी जहां से निराशा हाथ लगने के बाद सिविल न्यायालय की शरण ली है जहां सुनवाई चल रही है।

### राहगीरों की सेवा के लिए सड़क किनारे बनाया जाता था मस्जिद

लोगो ने बताया कि शेरशाह सूरी के समय में उनके द्वारा सड़क निर्माण के बाद सड़क किनारे राहगीरों की सेवा के लिए मस्जिदे व सराए बनाई जाती थी। जिससे लंबा सफर तय करने वाले राहगीर यहां रुक कर आराम फरमा सके।

### 16 जनवरी को मिली है बहस की अगली डेट

मस्जिद के इमाम मोहम्मद बाबुल हुसैन ने बताया कि हम लोग हाई कोर्ट गए थे लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि मामला सिविल कोर्ट का है जिसके बाद हम लोग सिविल कोर्ट गए जहां सिविल कोर्ट द्वारा हम लोगों के स्टे को खारिज कर दिया गया जिसके बाद हम लोग लोअर कोर्ट मे गए जहां हम लोगों की सुनवाई हुई ' इमाम ने बताया कि 9 जनवरी को जब मस्जिद को गिराया गया उस दिन भी लोअर कोर्ट में मस्जिद को लेकर सुनवाई हुई थी 'मस्जिद के ध्वस्तीकरण के दौरान हम लोग ने अधिकारियों से बताए थे कि मामला कोर्ट में चल रहा है अभी कोई आदेश नहीं आया है इसके बावजूद भी मस्जिद को गिरा दिया गया 'मस्जिद गिरा दी गई तो हम लोगों ने 10 तारीख को कोर्ट में हलफनामा दिया ' इसके बाद आज और हम लोगों के वकील ने बताया है कि हम लोगों को बहस के लिए अगली डेट 16 जनवरी को मिली है।

# किराए पर रह रहे बच्चे से चोरी करवाते थे दंपती, 5 लाख रुपये करवा दिए गायब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पड़ोसी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चे को गुमराह कर उससे पांच लाख रुपये चोरी व हत्या की कोशिश कराने वाले पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। इसमें बच्चे को भी नामजद किया गया। सिविल लाइंस पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस में नवाब युसूफ रोड निवासी आलोक शंकर मिश्रा के घर में फतेहपुर में धाता का 12 वर्षीय प्रेम (नाम बदला है) दो वर्ष से रहकर पढ़ाई करता था। 23 दिसंबर को वह आलोक शंकर की आलमारी से एक लाख रुपये निकालकर लापता हो गया। बच्चे को झांसी में रेलवे पुलिस ने पकड़ा और बयान वीडियो रिकार्ड किया। प्रेम ने बताया कि उसे पड़ोस में रहने वाले दंपीती सुधीर प्रकाश अग्रवाल और मंजू अग्रवाल पैसे चुराने के लिए उकसाया था। छह महीने से वह इस तरह से पैसे चुराकर सुधीर और मंजू को देता रहा। पैसा निकालने से मना करने पर उसे मारने और चोरी की बात बताने की धमकी दी जाती। इसके पहले वह चार लाख रुपये चुराकर दोनों को दे चुका है। आरोप है कि इस दंपती ने दो बार प्रेम को चाकू देकर कहा कि सोते वक्त आलोक शंकर को चाकू मार देना लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।इस बार उसने एक लाख रुपये चुराकर थमाए तो सुधीर ने 10 हजार रुपये उसे देकर कहा कि तुम ट्रेन से झांसी जाकर स्टेशन पर रहना, वहीं आकर तुमसे मिलूंगा। रुपये चुराकर निकलने पर सुधीर ने उसे ट्रेन में बैठाया था। आलोक शंकर की शिकायत पर पुलिस एफआइआर लिखकर दंपती की भूमिका की जांच कर रही है। थाना प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि बच्चे के बयान और साक्ष्यों के आधार पर एक्शन लिया जाएगा।

# अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्यालय संगठन प्रत्यशी के नामांकन का नेतृत्व किया

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में आज अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्यालय संगठन के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के समर्थन में पंकज तिवारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रयागराज जनपद के निम्नलिखित लोगों ने नामांकन में प्रतिभाग करने केलिए झांसी पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी इसके लिए आये हुए सभी आदरणीय को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद ब्यक्त किये। प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि इसके लिए मैं सदा आभारी रहुगा। और हम सदा मजबूती और ईमानदारी के साथ आप लोग के बीच रहुगा। शिक्षक संघ की हर एक समस्या को समाधान के लिए हम लोग सदा साथ रहकर लड़ेंगे और अपने अधिकारों को पा कर रहेंगे। अखिल भारतीय वित्त विहीन विद्याल संगठन के प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने कहा कि हम शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई, सम्मान की लड़ाई और उनके विकास की लड़ाई लड़ेंगे और उनका उन्हें हक दिलाकर रहेंगे। जिसमे मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह पटेल, डॉक्टर डी बी यादव, मुकेश कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार तिवारी, दिलीप सिंह, राजेंद्र पटेल, गुड्डू पटेल, शैलेंद्र यादव, रजनीश पटेल, अमन मिश्रा, अशोक कुमार पटेल, नरेंद्र गुप्ता, जयचंद आदिवासी, दिनेश पटेल, पवन पटेल, संजय मिश्रा, आजाद सिंह, मदन लाल गुप्ता, अशोक सिंह, प्रवीण तिवारी, प्रमोद पटेल, अमर बहादुर बिंदु, जितेन कुमार सिंह, संतोष पटेल, श्री कृष्ण राय, संजय कुमार तिवारी, शुभम तिवारी, आलोक तिवारी, जय शंकर पांडे, विनोद पांडे, आकाश तिवारी, मनमोहन सिंह, शंकर पटेल, विनोद यादव, अखिलेश यादव, राजन प्रसाद पाल, अंकुश मिश्रा, मनीष पांडे, अवनीश पटेल, संजय विश्वकर्मा, अशोक कुशवाहा, ज्ञानेंद्र मौर्या, रंजीत पटेल, विनय पाल सिंह, जय शंकर पांडे, अंकित विश्वकर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, दिवाकर विश्वकर्मा, जय हिंद उपाध्याय,



पंकज उपाध्याय, मिथिलेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, शैलेंद्र कुमार शर्मा, सुनील पटेल, नितेश मिश्रा, आयुष सिंह, आदर्श सिंह, श्रीकांत मिश्रा, जय शंकर मिश्रा, अवनीश मिश्रा, विष्णु दत्त दुबे, दिनेश यादव, शंकर केसरी, भुगाई लाल गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, जसवंत पटेल, आदित्य मिश्रा, संतोष पांडे, रामकृष्ण पटेल, विशाल यादव, गप्पू आदिवासी, पवन सिंह, राजेंद्र सिंह, और सुरेश पटेल, जय देव पांडे, बृजेश मिश्रा, श्रीधर उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, जय हिंद विश्वकर्मा, आदर्श पटेल, विनोद सिंह, जयंत चौधरी, राम कुमार विश्वकर्मा, रुपेश पाल, पंडित नर्मदा प्रसाद मिश्र, आदित्य पटवा, मनमोहन पटवा, वीरेंद्र पटवा, विजय कुमार सोनकर, जोखू लाल पटेल, राजकुमार पांडे, धर्म नारायण पांडे, विमलेश गौड, संजय सोनकर, बृजलाल पटेल, राकेश सिंह, वृंदावन गुप्ता, कमलेश सिंह, अंजनी उपाध्याय, नरेंद्र कुशवाहा, मनीष वर्मा, बृजपाल सिंह, शैलेश पांडे, आदित्य कुमार तिवारी, मनोज कुशवाहा, ज्ञान बहादुर सिंह, रणजीत उपाध्याय, जयपाल सिंह, रामलोचन सिंह, पवन कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, जगत बहादुर पटेल, बाबूलाल पटेल, दिगंबर पांडे, अष्टभुजा मिश्रा,आदि बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित।

### अघोषित बिजली कटौती से ठंड में विद्यार्थी व ग्रामीण परेशान

**बारा।** पॉवर हाउस बारा से बारा खास सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। इधर एक सप्ताह से न जाने बिजली विभाग को या फिर पॉवर हाउस बारा के कर्मचारियों को क्या हो गया है कि जब भी मन करते हैं, विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है।अघोषित बिजली कटौती व आंख मिचौली से लोग काफी परेशान हैं । लोगों ने बताया कि बिजली कब आएगी कब चली जाएगी इसका कोई समय निश्चित नहीं है । सुबह से बिजली काट दी जाती है तो कभी शाम को आती है तो कभी-कभी तो रात भर बिजली गायब रह जाती है। लोगों ने बताया कि कई गांवों में तो 1986 से तार व खंभे नही बदले गए जिससे वे जर्जर हो चुके हैं। जिस कारण आए दिन तार टूटने से बिजली बाधित होती रहती है। पर्याप्त बिजली न मिलने से क्षेत्र के किसान भी परेशान हैं । व्यापारी वर्ग से लेकर बोर्ड परीक्षा के प्रतियोगी छात्रों में बिजली की खराब व्यवस्था से आक्रोश है। सम्बंधित कर्मचारियों का कहना है कि ठंड बढ़ने के कारण लोड बढ़ गया है जिस वजह से बिजली ट्रिप कर जा रही है। जर्जर तारों के बारे में उन्होंने बताया कि रिवैम्प योजना के तहत 11000 एवं एलटी लाइन के तारों को बहुत जल्द बदल कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# जिलाधिकारी एवं मेलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

## मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं मेलाधिकारी अरविंद चैहान ने बुधवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत शिविरों का निरीक्षण कर वहां पर कम्बल, बेड सीट सहित साफ-सफाई को देखा। तत्पश्चात स्वास्थ्य शिविर में दवाओं की उपलब्धता तथा देखे जाने वाले मरीजों की सूची को भी देखा तथा निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई समस्या न आये। जिलाधिकारी ने कोविड के दृष्टिगत माघ मेला क्षेत्र में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने माघ मेला में साफ-सफाई, पानी, बिजली, चकर्ड प्लेट सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी साथ में मेलाधिकारी

# छेड़खानी का विरोध करने पर बीकॉम के छात्र को साथ में ही पढ़ने वाले छात्रों ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के करेली थाना क्षेत्र स्थितचरण सिंह डिग्री कॉलेज के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र को मंगलवार की दोपहर कुछ लड़कों ने कॉलेज गेट पर ही लात-घूसों और डंडों से पीट दिया। पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई। हमले की वजह लड़की से अश्लीलता का विरोध करना बताया जा रहा है। इस मामले में दो नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत अटाला निवासी शकील अहमद का 20 वर्षीय बेटा गुलशन एचएन सिंह डिग्री कॉलेज, करेलाबाग, करेली में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र है। शकील अहमद के अनुसार मंगलवार को दोपहर में उसके साथ पढ़ने वाले अनुज साहू, हर्ष श्रीवास्तव और दो अज्ञात लड़के कॉलेज गेट पर ही गुलशन की लात घूसों एवं डंडे से उसकी पिटाई करने लगे।जान से मारने की धमकी भी दी गई ,उसके साथ गाली गलौज भी की गई और



जान से मारने की धमकी दी गई। वह जान बचाकर भागने लगा तो उसे दौड़ाकर जमीन पर पटक दिया गया। फिर डंडों बेल्टों और बल्लियों से जमकर पीटा गया। दिनदहाड़े युवक की पिटाई देख हड़कंप मच गया। कॉलेज के बच्चे भी ये मंजर देखकर दहशत में आ गए। कॉलेज वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस से घायल गुलशन को अस्पताल भेजा गया। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।घटना के बारे में गुलशन के पिता शकील अहमद दूध के कारोबारी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाली लड़की के साथ आरोपी लड़के अनुज और हर्ष अभद्रता और अश्लील हरकत कर रहे थे। जिससे दुःखी लड़की रोते हुए क्लास से बाहर जा रही थी। गुलशन ने लड़की से पूछा कि क्या हुआ तो लड़की ने बताया कि गेट पर खड़े दो लड़के उससे अभद्रता कर रहे हैं। यह सुनकर गुलशन गेट के बाहर खड़े अनुज, हर्ष और अन्य लड़कों के पास ये पूछने चला गया कि भाई लड़की को क्यों परेशान कर रहे हो।

**पुलिस मामले की कर रही जांच पड़ताल :**

बस इसी बात को लेकर आरोपी लड़के उसकी पिटाई करने लगे। दूसरी तरफ जिस लडकी से अभद्रता हुई है। वो भी यही घटनाक्रम बता रही है। उसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इंस्पेक्टर करेली रामाश्रय यादव ने बताया कि घायल छात्र के पिता शकील अहमद की तहरीर पर हर्ष श्रीवास्तव अनूप साहू व अज्ञात दोस्तों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई है। घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

### ट्रेन में फिर गूंजी किलकारी, रेलवे स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम ने कराई डिलीवरी



**प्रयागराज।** शहर की रहने वाली शिव दुलारी श्रद्धा सेतु सुपर फास्ट एक्सप्रेस से प्रयागराज आ रही थीं। उनकी प्रिग्नेंसी का नौवां महीना चल रहा था। ट्रेन जब फतेहपुर के आगे निकली तो उन्हें अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई।प्रयागराज पहुंचते पहुंचते उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो कोच अटेंडेंट ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। मौके पर पहुंची डॉक्टरों की टीम ने महिला को पहुंचकर इलाज शुरू किया और सफल डिलवरी कराई।

**महिला ने दिया स्वस्थ्य बच्चे को जन्म :** गाड़ी संख्या 22613 में प्रयागराज तक की यात्रा कर रही शिव दुलारी (20) पत्नी अमित कुमार को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इसकी सूचना प्रयागराज रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कक्ष को दी गई। तत्काल रेलवे चिकित्सक को स्टेशन आने के लिए सूचना दी गई।यह गाड़ी प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर 23:09 बजे पहुंची। पहले से स्टेशन पर डॉ. आशीष अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने फौरन अपनी मेडिकल टीम के साथ शिव दुलारी को अटेंड किया। इसके बाद डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलवरी कराई।डॉ. आशीष ने बताया कि मां और नवजात बच्चा (लड़का ) पूर्णतः स्वस्थ हैं। दोनों को किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं दिख रही है। बच्चे का वजन लगभग 2.5 किलोग्राम है।इस दौरान डॉ.आशीष अग्रवाल के साथ टीम में महिला अटेंडेंट साक्षी, आया पुष्पा , उप निरीक्षक रितु हमराह मेरी सहेली अभियान ड्यूटी में तैनात लेडी कॉन्स्टेबल प्रेम कुमारी व निशा यादव मौजूद रहीं।

## न्यूज झरोखा

### अयोध्या मंडल के दर्जनों पत्रकार पहुंचे राष्ट्रीय संयोजक के घर,मौत पर जताया दुख,की घटना के खुलासे की मांग



**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा. भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र उत्कर्ष उपाध्याय(19) की संदिग्ध स्थिति में बारह दिन पहले मौत हो गई थी , जिस पर पूरे देश भर से सैकड़ो पत्रकार व करीबी लोग आकर दुख व्यक्त कर चुके हैं।बुधवार को अयोध्या मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी की अगुवाई में दर्जनों पत्रकार डा.उपाध्याय के घर मूल गांव गंधियाँव पहुंचे। मंडल अध्यक्ष श्री द्विवेदी ने दुख व्यक्त कर हुई मौत की जांच कराने,मोबाइल व नगदी लूट लेने के खुलासे की मांग किया है।दुख व्यक्त करने आए पत्रकारों में सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी,महासचिव श्रीकृष्ण पांडेय,कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय,तहसील संरक्षक कादीपुर आदरणीय केशव मिश्र जी,कूरेभार अध्यक्ष सुशील मिश्र,महामंत्री अरुण मिश्र, पुष्पेंद्र तिवारी , दिल्ली प्रदेश संगठन सचिव दिनेश कुमार शुक्ल सहित दर्जनों पत्रकार पहुंचे थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में कृष्ण कुमार गिरी , शिवम मिश्र, अंजनी कुमार तिवारी , शशि भूषण दुबे कंचनी , बाल कृष्ण पाण्डेय, सिद्ध नाथ द्विवेदी , विद्या कान्त मिश्र , कमलेश मिश्र , जय प्रकाश श्रीवास्तव , नागेश कुमार शुक्ल आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे ` उपस्थित जनों की मांग थी कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज करके घटना का पदार्फाश करने में सक्रियता दिखाए।

### किसान पुत्र उत्कर्ष की हत्या का एफआईआर करने में देर क्यों कर रही करछना पुलिस!

**भारतीय किसान कल्याण संघ ने डीएम को घेरने की दी चेतावनी**

**प्रयागराज।** भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय के इकलौते पुत्र उत्कर्ष की मौत 31 दिसंबर को गधियाव मे हुई, परिजनों ने थाना करछना को लिखित शिकायत दर्ज कराई पर दुर्भाग्य है कि एक सप्ताह के पश्चात भी न तो एफ आई आर हुआ न ही किसी प्रकार की जांच हुई।आखिर प्रशासन मौन क्यो है। जबकि स्थानीय गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय जनता , विधायक , सांसद, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, सहित तमाम लोगों ने प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग की है।पर प्रशासन पर कोई असर नहीं। आज भारतीय किसान कल्याण संघ की एक बैठक केन्द्रीय कार्यालय प्रयागराज में की गई जिसमें सभी किसानों ने शोक सभा कर आत्मा को शांति व परिवार को दुख से उबरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष त्रिपाठी संत जी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल जांच नहीं हुई तो भारतीय किसान कल्याण संघ जिलाधिकारी को घेरने का काम करेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह जी ने भी प्रशासन के कार्यवाही न करने पर शंका जताया है संघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव कार्तिकेय मिश्रा जी ने कहा कि प्रशासन मौन रहकर हत्यारों का मनोबल बढ़ा रही है। शोक सभा में संघ के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व न्यायमूर्ति कैप्टन डी पी एन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा,शंकरगढ़ से प्रदेश कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी,, चन्द्र मौली त्रिपाठी, प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी, यमुना पार प्रभारी जारी से सत्यम पांडेय,चाका ब्लाक अध्यक्ष मदन द्विवेदी, जनार्दन सिंह, सहित सभी किसानों ने तत्काल कार्यवाही न होने पर थाना व डी एम को घेरने की बात कही।वही परिवार हत्यारों को सजा देने की मांग कर रहा है।संघ के, वाराणसी, चित्रकूट प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में शोक सभा कर किसान पुत्र उत्कर्ष की आत्मा को शांति प्रदान की गई।

### नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी

**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के कलना गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटका मिला। युवक का शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सराय ममरेज थाना क्षेत्र के कलना गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय सोहनलाल ढरकार उम्र 42 वर्ष का शव बुधवार की सुबह कलना गांव स्थित चौरा माता मंदिर के पास नीम के पेड़ पर फांसी से लटका मिला तो गांव में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।युवक ने फांसी क्यों लगाई अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बता दे कि अभी तक परिजनों की तरफ से कोई भी तहरीर थाने पर नहीं दी गई है। पुलिस हर पहलुओं से जाच पड़ताल कर रही हैं।

# चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की हिदायद

## सड़क सुरक्षा माह : वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 07 वाहनों का किया गया चालान






**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन तृतीय दल सुरेश कुमार मौर्य ने बताया है कि सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में बुधवार को जनपद के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान के तहत सड़कों पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग करने पर वाहन चालकों को जागरूक किया गया और निर्देश दिये गये कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें। फोन आने की स्थिति में वाहन को साइड में रोक कर फोन का इस्तेमाल करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर कुल 07 वाहनों के चालान की कार्यवाही की गयी। सड़क पर दुर्घटनाओं के कारणों में 09 प्रतिशत दुर्घनाएं वाहन चलाते समय मोबाइन फोन के प्रयोग से होती है। इसके बाद अपराह्न में ड्रंकन ड्राइविंग के संबंध में सिविल लाइन्स बस स्टैण्ड, में उ0प्र0रा0स0परि0 निगम प्रयागराज के चालकों को जागरूक किया गया। यह भी बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में 6.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं नशे की हालत में वाहन चलाने से होती है। ड्रंकन ड्राइविंग के अभियोग में उ.प्र.रा.परि. निगम के चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से जांच भी की गयी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, सुरेश कुमार मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय दल, सी0वी0 राम, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ.प्र.रा.परि. निगम प्रयागराज, सुरेन्द्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी-प्रयागराज, राम सागर, यात्रीकर अधिकारी-प्रयागराज एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहें।

# मनरेगा में नई व्यवस्था लागू होने के विरोध में ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन

## सहायक विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर परिसर में बुधवार को मनरेगा की नई ब्यवस्था लागू करने के विरोध में दर्जनों ग्राम प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय में जमकर नारेबाजी किया और सरकार से मनरेगा की पुरानी ब्यवस्था बहाल करने के लिए 12 सूत्री ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी पँचायत संतोष कुमार शुक्ला व आई एस बी ब्यास कुमार मौर्य को ज्ञापन दिया।

ग्राम प्रधानों ने कहा कि यदि मनरेगा की पुरानी ब्यवस्था बहाल नही की गई तो काम काज ठप करके आगे की लड़ाई लड़ेंगे। सहायक विकास अधिकारी पँचायत संतोष शुक्ला ने ग्राम प्रधानों के दिये गए ज्ञापन को शासन तक उनकी बात पहुचाने का आश्वासन दिया। मनरेगा की नई ब्यवस्था लागू होने से ग्राम प्रधान गाँव का विकास नही कर पा रहे है, जिसमे ग्राम प्रधानों ने 12 सूत्री ज्ञापन में एनएमएम एस ऐप बन्द किया जाय। प्रतिदिन की मजदूरी 213 रु की जगह 400 रु0 किया जाय क्योकि कम पैसे मिलने पर कोई मजदूर काम करने को तैयार नही है। पँचायत सहायक केयर टेकर के मानदेय की ब्यवस्था प्रधान से अलग की जाय।ग्राम पंचायतों के वित्त में से कटौती को बाहर किया जाय। ग्राम प्रधान, बीडीसी व जिला पँचायत सदस्यों की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करने की प्राथमिकता दी जाय। जिला योजना समिति में प्रधानों को प्रतिनिधित्व दिया जाय। किसी भी तकनीकी सहायक से स्टेटमेंट बनवाने की छूट दी जाय। पँचायत से जुड़े राजस्व कर्मी, पँचायत कर्मी, आंगनबाड़ी, राशन कोटेदार व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों की उपस्थिति कार्य प्रमाणन निलंबन की संस्तुति पंचायतों को पूर्ण अधिकार दिया जाय। पंचायतों में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री ईंट मोरंग गिटटी सफेद बालू सरिया सीमेन्ट का मूल्य बाजार मूल्य के अनुरूप पुनरीक्षित किया जाय। गाव के विकास के लिए सरकार को प्राप्त राजस्व का 70 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को उप्लब्ध कराया जाय। सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकरण से पूर्व उपनिदेशक पंचायती राज से अनुमति का प्रावधान किया जाय बिना शपथ पत्र के प्रधानों की जांच न कराई जाय तथा झूठी शिकायत मिलने पर शिकायत कर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाय। राज्य वित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाय।ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी हिनाहू, गुड्डू ओझा मिश्रपुर, ब्रजेश यादव अतौलिया, अनिल मौर्या परियावां, सियाराम मौर्या आलापुर, राजेन्द्र बहादुर उर्फ तालुकदार सिंह छिदौरा, संतोष कुमार यादव मधवापुर, बब्लू यादव कुसुवापुर, सुरेश यादव मुरस्सापुर, गुड़िया देबी अन्तामऊ, मोनू,राजकुमार पटेल, राकेश कुमार, सदाशिव द्विवेदी, मनोज कुमार, प्रभाकर पटेल कडरौ अजय पटेल, मंजूषा चंदापुर, पप्पू पनिगौ, दिलीप कुमार रामपुर गड़ौली कमलेश तिवारीपुर, रोशनी देबी बरियावां, निशा देबी बडगौ, राकेश साहू आदि लोग मौजूद रहे।



सहायक विकास अधिकारी को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान।



डीआईओएस को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## डीआईओएस को दी गई विदाई, हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश तदर्थ शिक्षक एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार त्रिपाठी ने एवं रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा उन्हें बुके देकर सम्मानित किया तथा मंगलमय जीवन की कामना की तथा उनके खट्टे मीठे कार्यों की सराहना की लगभग 3 वर्ष 2 महीने का कार्यकाल जिला विद्यालय निरीक्षक का प्रतापगढ़ में रहा।

## जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव तीन फरवरी को

**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएषन प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में नामित सदस्यों विद्याभान सिंह, महीप नारायण सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह दांड़ी, महामंत्री गुलाब सिंह व जैनुल की उपस्थिति में एल्डर कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष जय नारायण सिंह के प्रस्ताव पर यह निर्णय लिया गया कि जिला बार एसोसिएषन के पदाधिकारियों का चुनाव वर्ष 2023-24 एल्डर कमेटी के दिशा निर्देशन में करवाया जाएगा। यह चुनाव अध्यक्ष रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में करवाया जाएगा। पूर्व घोषित मतदान की तिथि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेष द्वारा 30 जनवरी को धरना प्रदर्षन का आवाहन किया गया जिसके कारण मतदान की तिथि तीन फरवरी निर्धारित की गई।

# बिना चिकित्सक के रानीगंज कैथौला पीएचसी, डॉक्टर समेत सात की है तैनाती

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमेठी सीमा पर स्थिति जिले की पीएचसी का संचालन बिना चिकित्सकों के ही हो रहा है। कहने के लिए यहां पर डॉक्टर समेत सात लोगो की तैनाती की गई है, लेकिन यहां कोई अवकाश पर है तो कोई क्षेत्र में,वही प्रभारी की सीएचसी पर ड्यूटी लगा दी गई है।अब इस दशा में आए मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी फार्मासिस्ट व वार्ड परिचारक पर है।बता दें की बुधवार को संवाददाता ने रानीगंज कैथौला पीएचसी की हकीकत देखी तो पता चला कि यहां क्षेत्र के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए दो डॉक्टर,एक फार्मासिस्ट समेत सात लोगो की तैनाती की गई है।लेकिन यहां विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि अस्पताल की पूरी जिम्मेदारी फार्मासिस्ट के सहारे ही संचालित हो रही है।

मौजूद फार्मासिस्ट गुरुशरण व वार्ड परिचारक मनोज ने बताया की डॉ0 प्रेमशंकर अवकाश पर है और प्रभारी डॉ० पुष्पलता की ड्यूटी सीएचसी लालगंज मे लगी है। वहीं कुछ की उपस्थिति को क्षेत्र में तो कुछ को जरूरी कार्यों के लिए अन्य जगह बताया गया। अब इस हाल में अमेठी सीमा पर स्थिति पीएचसी पर इस ठंड में आने वाले मरीजों को विना इलाज के ही लौटना पड़ रहा है,या फिर वह फार्मासिस्ट से उपचार कराएं। दो चिकित्सकों की तैनाती में एक अवकाश पर व दूसरे की सीएचसी पर ड्यूटी लगा देना कहां तक उचित है? यह तो जिम्मेदार लोग ही जाने। इसे विभाग की मजबूरी माने या फिर लापरवाही? फिलहाल मामला कुछ भी हो लेकिन डॉक्टरों के न रहने से इस भीषण शीत लहर में दूर-दराज से आने-जाने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने तुरंत फोन से फार्मासिस्ट से बात की तो उसने सभी के बाबत जानकारी दी।

## यंग इंडिया रन के तहत दौड़ प्रतियोगिता आज

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में जो कि राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में यंग इंडिया रन के तहत 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित है। अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने बताया कि यंग इंडिया रन के कार्यक्रम के द्वारा ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ना ही लक्ष्य है। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए दौड़ का रोड मैप भी कार्यकताओं को बताया। दौड़ स्टेडियम से प्रारंभ होकर मीरा भवन चैराहा सगरा मोड होते हुए विकास भवन ट्रेजरी चैराहा पुलिस लाइन चैराहा से अंबेडकर चैराहा होते हुए पुनः जिला स्टेडियम में समाप्त होगी इस दौड़ में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा ।

# शंकराचार्य के दर्शन के लिए पट्टी से जाएंगे हजारों लोग

## 17 को प्रयागराज आएंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** त्रिवेणी मार्ग माघ मेला क्षेत्र में 17 जनवरी को दोपहर बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पहुंचेंगे। नैनी जमुना ब्रिज के पास से अगुवानी में जिले के पट्टी से सैकड़ों भक्त पहुंचेंगे।

इस दौरान त्रिवेणी माघ मेला क्षेत्र में स्वागत और अभिनन्दन किया जाएगा एवं धर्म सभा होगी एवं रात्रि विश्राम होगा। 18, 19 और 20 को माघ मेला क्षेत्र में ही ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती रहेंगे। बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पट्टी तहसील के ब्राह्मण पुर के रहने वाले हैं। शंकराचार्य 21 जनवरी को प्रातः 6.30 बजे माघ मेला क्षेत्र से मनकामेश्वर मंदिर हेतु प्रस्थान करेंगे तत्पश्चात मोटर वोट से संगम हेतु प्रस्थान मौनी अमावस्या स्नान करेंगे। तत्पश्चात 10 बजे मनकामेश्वर मंदिर से प्रयागराज विमानन हेतु प्रस्थान विमान संख्या 91-697 एयरलाइंस एयर के विमान से बिलासपुर छत्तीसगढ़ प्रस्थान करेंग। उक्त जानकारी ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के मीडिया प्रभारी डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने दी है।



स्वामी शकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द से आर्शीवाद लेते लोग।

## विद्यालय में प्रबुद्धजनों का हुआ सम्मान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इन्द्राजी देवी बालिका विद्यालय घूरीपुर में प्रबुद्धजनों का सम्मान समारोह एवं कवि सम्मलेन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय के ब्लाक अध्यक्ष निर्भय सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही समाज व देश का उत्थान संभव है। उन्होनें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अध्यापको का आहवान किया। कार्यक्रम मे सोनू मिश्र, समाजसेवी संजय शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। साहित्यकार डा. अरूण रत्नाकर, प्रमोद दुबे, संतोष मिश्र, मिठाई लाल गौतम, लवलेश यदुवंशी आदि ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता साहित्यकार डा. सच्चिदानंद त्रिपाठी व संचालन अंकित तिवारी ने किया। विद्यालय की प्रबन्धक किरन सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर विनय दुबे, आस नारायण विश्वकर्मा, सिद्ध नारायण विश्वकर्मा, गिरिजाशंकर तिवारी, श्याम तिवारी, शिव कुमार आदि रहे।

# दुकान का ताला तोडकर नकदी व बाइक समेत हजारों का सामान उड़ा ले गये चोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना चितरी मे हाइवे किनारे स्थित बिल्डिग मैटेरियल की दुकान का ताला तोडकर बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोर हजारो की नकदी व सामान समेत दुकान मे रखी देवी देवताओं की पीतल की मूर्ति भी उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीडित दुकानदार ने बुधवार को पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बवरिहा गांव निवासी सौरभ शुक्ल पुत्र त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वह प्रतापगढ़-रायबरेली राजमार्ग पर तिना चितरी में हाइवे किनारे त्रिवेणी टेज्डर्स के नाम से अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता है। पीडित के अनुसार वह बीते मंगलवार की शाम पांच बजे दुकान मे अपनी बाइक खडी कर दुकान का ताला बंद करके घर चला गया। अगले दिन बुधवार की सुबह साढे सात बजे पीडित दुकान खोलने पहुंचा तो उसका ताला टूटा देख आवाक रह गया। पीडित का कहना है कि अज्ञात चोर दुकान का ताला तोडकर अंदर रखी उसकी बाइक, कई डिब्बे पेंट व मोबाइल फोन तथा पांच हजार की नकदी, पीतल की देवी देवताओं की मूर्ति व इर्न्वटन तथा बैट्री समेत हजारों का सामान उडा ले गये। घटना को लेकर पीडित ने पीआरवी पुलिस से फोन पर सूचना दिया। इसके बाद थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। दरोगा रमेश यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, दुकान में चोरी की घटना हुई है। मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना के एक गांव के पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उनकी बेटी को जौनपुर जिले के थाना सुजानगंज अर्न्तगत पियारेपुर करौरा गांव निवासी मनीष तिवारी व आशीष तिवारी पुत्रगण मानिकचंद्र तिवारी बीते नौ जनवरी को बहलाफुसलाकर कहीं भगा ले गये। दरोगा गणेश पटेल का कहना है कि मामले मे तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अर्चना के व्याख्याता पद पर चयन, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेधावी का कानपुर स्थित हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के रूप मे चयनित होने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जतायी है। तहसील लालगंज अर्न्तगत रामपुर बावली के ओझा का पुरवा गांव निवासी अर्चना मिश्रा पत्नी चेतन आंनद मिश्र का चयन हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग मे अतिथि व्याख्याता के रूप मे हुआ है। इसकी जानकारी होने पर अर्चना के परिजनों के साथ ही शुभेच्छुओं व क्षेत्रीय लोगों मे खुशी देखी जा रही है। मेधावी अर्चना के चयन को लेकर कुलदीप, रवीन्द्र भूषण मिश्र, मुकुलमणि मिश्र, विद्याभूषण मिश्र, मस्तराम, विजय आंनद मिश्र, दिलीप तिवारी, साकेत मिश्र, प्रदीप मिश्र आदि ने खुशी जतायी है।

# होटल में स्वच्छता की जागरुकता के लिये नगर पालिका की टीम पहुंची

## अधिषाशी अधिकारी व सफाई निरीक्षक ने कर्मचारियों को किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अब होटलों व ढाबों में जाकर स्वच्छता का पाठ पढ़ा रही है। इसके तहत ढाबों व होटलों में गंदगी न हो, इस पर विषेष जोर दे रही है। शासन के निर्देश पर बुधवार को नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी व नगर पालिका के स्टाफ ने हेलो केक्स एंड कैफे रेस्टोरेंट में स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत मोती महल के संचालक रवि यादव तथा होटल के कर्मचारियों को जागरूक किया गया। नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिषाषी अधिकारी राम अचल ने बताया कि होटल में साफ सफाई, किचन की साफ सफाई शौचालय की साफ सफाई बेहतर होनी चाहिए जिससे स्वच्छता का संदेश लोगो मे पंहुचे। सफाई एवम खाद निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने लोगों को सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में, गीला कूड़ा हरे डस्टबिन में अलग अलग रखने और उसे डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है, किसी भी स्थित में प्लास्टिक का उपयोग न किया जाय। और स्वच्छता संदेश अपने रेस्टोरेंट में लगाये जिससे नगर की जनता भी जागरूक हो। इस दौरान नगर पालिका के सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर, राजेश बिन्द और राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



होटल कर्मचारियों को जागरुक करते ईओ व सफाई निरीक्षक।

# एसडीएम के तबादले को लेकर सातवें दिन भी वकीलों का हंगामा, अदालतों का किया बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील में एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर बुधवार को तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं ने एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने सातवें दिन तहसील की सभी अदालतों मे न्यायिक कामकाज का पूर्ववत बहिष्कार जारी रखा। इसके चलते अदालतों में कामकाज नहीं होने से कड़ाके की ठंड में पहुंचे वादकारी मायूस होकर घर वापस लौट रहे देखे जा रहे हैं।

लालगंज तहसील में एसडीएम सौम्य मिश्र की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ता बीते सात दिनों से लगातार से हंगामा व विरोध प्रदर्शन कर उनके तबादले की मांग कर रहे हैं। एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर लगातार सातवें दिन बुधवार को भी संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी व महामंत्री शेष तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील गेट व परिसर में नारेबाजी कर एसडीएम को हटाने की मांग उठाई। विरोध प्रदशन व नारेबाजी के बाद बुधवार को अधिवक्ताओं ने आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए एसडीएम कोर्ट के साथ तहसील में संचालित सभी न्यायालयों के बहिष्कार का निर्णल लिया। तहसील में न्यायालयों में कामकाज नहीं होने से कड़ाके के ठंड में पहुंचे वादकारी मायूस होकर वापस लौट गए। इसके पश्चाात अधिवक्ताओं की तहसील परिसर में बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एक स्वर में तय किया कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होता अदालतों का बहिष्कार जारी रहेगा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला प्रशासन ने एसडीएम को नहीं हटाया तो दीवानी न्यायालय में कार्य बहिष्कार किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि एसडीएम की कार्यशैली पूरी तरह से अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ है। जिले के मुखिया को चाहिए कि इनका तबादला जल्द से जल्द लालगंज से कर देना चाहिए।

पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला गुड्डू ने कहा कि एसडीएम का तबादला अगर जल्द से जल्द नहीं किया जाता है, तो हम अधिवक्तागण प्रतापगढ़ कचहरी में पहुंचकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रुरल बार एसोसिएशन अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला, संतोष पाण्डेय, विजय तिवारी, संदीप सिंह, विकास मिश्र, प्रदीप सिंह, टीपी यादव, प्रमोद सिंह, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल, रामअंजोर तिवारी, जयकरन सिंह, विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, केके शुक्ल, अनूप पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, सिंटू मिश्रा, रामलगन यादव, दिनेश मिश्र, दीपेंद्र तिवारी, संतोष सिंह, विनोद मिश्रा, उदयराज पाल आदि मौजूद रहे।



लालगंज तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

## एसडीएम लालगंज को हटाये जाने की उठी मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रूलर बार एसोसिएशन की एक बैठक जिला कचेहरी में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने किया तथा संचालन जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। बैठक में लालगंज एस0डी0एम0 को तत्काल हटाने की मांग जिला अधिकारी से की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम अधिवक्ता एवं आम जन मानस से बार-बार एस0डी0एम0 लालगंज द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है और उच्च अधिकारी भारी विरोध के बाद भी कार्यवाही न किया जाना सोच से परे है।

विगत कई दिनों से लालगंज के अधिवक्ता साथी हड़ताल पर हैं, फिर भी कोई कार्यवाही भ्रष्ट एस0डी0एम0 के खिलाफ नही की जा रही। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रशासन का चेतावनी देते हुये कहा कि तत्काल तबादला नही किया जाता तो अधिवक्ता सड़क पर उतर कर बड़े आन्दोलन करने के लिये बाध्य होगें, जिसकी जिम्मेदारी आला अधिकारियों की होगी। बैठक में दिवाकर सिंह, सचिन्द्र, अरूण सिंह, मनोज कुमार, आसिफ सिद्दीकी, विकास, मनीष सिंह, राहुल गुप्ता, दिव्यंत सिंह आशीष श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त को 06 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर क्षेत्रान्तर्गत 08 फरवरी 1995 को आरोपी द्वारा बादी पर जान से मारने की नियत से हमला करने के सम्बन्ध में वादी करन सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी कोडर थाना मंझनपुर की सूचना पर थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त केशव पुत्र राम लखन निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को आज न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 06 वर्ष सश्रम कारावास तथा 2000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मजदूर का शव

## भट्ठा मजदूर की 27 दिसंबर को ट्रेन हादसे में मौत के बाद परिजनों ने दफना दिया था शव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के दुखी लाल पुत्र रामदास बिहार प्रांत में भट्ठा में मजदूरी करते थे 27 दिसंबर को बिहार प्रांत से एक्सप्रेस ट्रेन से वह अपने साथी दिनेश कुमार के साथ वापस घर लौट रहे थे रास्ते में दुखी लाल की मौत हो गई है मौत के बाद घर पहुंचे दुखी लाल के शव को परिजनों ने दफना दिया है लेकिन 16 दिन बाद परिजनों को आशंका हुई है कि दुखी लाल की मौत स्वाभाविक मौत नहीं है संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हुई है जिस पर मृतक दुखी लाल की पत्नी चमेली देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया है कि उनके पति के शव को कब्र से निकलवा कर उसका पोस्टमार्टम कराया जाए जिससे पति के मौत का कारण स्पष्ट हो सके महिला का कहना है कि वह अत्यंत निर्धन और बेसहारा विधवा महिला है उसके पास आय का कोई स्रोत नहीं है छोटे-छोटे बच्चे हैं ऐसी परिस्थिति में पति के मृत्यु के बाद उसका जीवन यापन करना कठिन है। जिला अधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी चायल मौके पर पहुंचे हैं और उन्होंने कब्र की खुदाई करवाकर शव को बाहर निकाला है और उप जिलाधिकारी मौजूदगी में संदीपन घाट थाना पुलिस ने दुखी लाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



कब्र से शव निकलवाती पुलिस

### दूसरे दिन महिला के शव को पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के मीरन पर मजरा में मंगलवार की शाम लगभग 4:00 बजे सीमा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष की अपने मायके में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी महिला की मौत के बाद इलाके के चर्चित व्यक्ति सक्रिय हुए और महिला की लाश को पोस्टमार्टम से भेजने के लिए रोक रहे थे बताया जाता है कि इलाके के चर्चित व्यक्ति से महिला के प्रेम प्रसंग की चर्चा जन-जन जुबान में थी चर्चित व्यक्ति के प्रेम जाल में फस कर महिला अपने पति को छोड़कर अपने मायके में कई वर्षों से रह रही थी महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा था महिला की मौत पर तरह-तरह की चचाएं थी पुलिस आला अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बुधवार को महिला के शव को थाना पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि जिस कमरे में महिला की मौत हुई थी उस कमरे को पूरी तरह से इलाके के चर्चित व्यक्ति ने अधिग्रहण कर लिया था और लोगों को कमरे में नहीं जाने दिया जा रहा था जिससे महिला की मौत पर तमाम सवाल खड़े होना शुरू हो गए थे महिला की मौत कैसे हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।



ट्रेन हादसे में मौत के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

## खेत में काम कर रहे बेटे को खाना देने जा रहे अधेड़ की ट्रेन हादसे में मौत

### संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जलालपुर बोरियों रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ दर्दनाक हादसा

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** खेत में काम कर रहे बेटे को खाना देने जाते वक्त एक अधेड़ व्यक्ति ट्रेन हादसे का शिकार हो गया है जिससे अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी है हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी मूरतगंज को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जलालपुर बोरियों गांव निवासी राजू पासी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र छोटेलाल बुधवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे टिफिन में खाना लेकर खेत में काम कर रहे बेटे को देने जा रहे थे जैसे ही वह जलालपुर रेलवे लाइन पार करने लगे तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में राजू पासी आ गए ट्रेन हादसे में घटनास्थल पर राजू पासी की दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# महिला लेखपाल की हत्या में चार अभियुक्त गिरफ्तार

## महिला लेखपाल द्वारा उधारी की रकम मांगने से बौखलाए लोगो द्वारा योजनाबद्ध तरीके से की गई थी हत्या

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी अंतर्गत चायल चकबन्दी कार्यालय में तैनात एक महिला लेखपाल की हत्या के आरोप में पिपरी थाना पुलिस ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी कर महिला लेखपाल हत्याकांड का खुलासा कर दिया है बताया जाता है कि महिला लेखपाल से कुछ लोगों ने रकम उधार लिया था जिसे वह देना नहीं चाहते थे लेकिन महिला लेखपाल अपनी रकम बार-बार मांग रही थी जिस पर योजनाबद्ध तरीके से महिला को चित्रकूट घुमाने के बहाने ले जा कर के राजापुर में हत्या कर लाश ठिकाने लगाई गई थी पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान महिला लेखपाल हत्याकांड खुलासे की जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी लेखपाल किरण रूपोलीया पत्नी स्वर्गीय कृष्ण कुमार रूपोलीया निवासी एल-2 बुधविहार कालिंद्रीपुरम प्रयागराज वर्तमान में तहसील चायल में चकबंदी लेखपाल के पद पर कार्यरत थी और 07 जनवरी 2023 को घर से ड्यूटी हेतु तहसील चायल आई थी और अपनी ड्यूटी पर भी मौजूद रही लेकिन वापसी रात्रि 08:00 बजे तक वह घर नही पहुँची ड्यूटी से वापस घर ना पहुंचने वाली महिला लेखपाल का मोबाइल नंबर बंद जाने लगा जिस पर महिला लेखपाल किरण देवी के लड़के शौर्यजीत परेशान हो गए उन्होंने अपनी मां की काफी खोज बीन की लेकिन महिला लेखपाल के विषय में कोई जानकारी नहीं मिल सकी जिस पर महिला लेखपाल के बेटे ने थाना पिपरी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए महिला लेखपाल की तलाश की उसी दौरान पुलिस को जानकारी हुई कि जनपद चित्रकूट के थाना राजापुर अंतर्गत एक महिला का शव मिला हुआ है, जिसे महिला लेखपाल के बेटे शौर्यजीत द्वारा शिनाख्त की गई तथा वादी द्वारा थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी को तरमीम करते हुए मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया महिला लेखपाल का शव पाए जाने के बाद हत्याकांड के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमें गठित कर हत्याकांड के खुलासे को निर्देशित किया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम सक्रिय हुई और पुलिस टीम ने चार आरोपियों को महिला लेखपाल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुभम मिश्रा पुत्र स्व0 शिव नरेश मिश्रा निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल विक्रम सिंह उर्फ विक्कू पटेल पुत्र बादाम सिंह निवासी फरीदपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी हाल पता नेवादा थाना सरायअकिल आशीष पासी पुत्र मनोज कुमार निवासी बहुगरा थाना सराय अकिल व मुनील पासी पुत्र स्व0 छोटू निवासी गोपालपुर सेवधा थाना पिपरी को महिला लेखपाल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।





हत्याकांड खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े हत्या अभियुक्त

### वर्षों पहले हुई चोरी का खुलासा करने में हाफ रही पुलिस फिर चोरों ने दिया घटना को अंजाम

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे के ब्यापारी गोपीचन्द्र के घर वर्षो पहले 17 लाख रुपए की चोरी की घटना सहित चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करने में सैनी कोतवाली पुलिस हाफ रही है घटना को वर्षो बीत जाने के बाद भी चोरों का सुराग रस्सी पुलिस नहीं लगा सकी है व्यापारी के घर से चोरी गए माल की बरामदगी पुलिस वर्षो बीत जाने के बाद भी नहीं कर सकी है सोमवार की रात्रि फिर अझुवा कस्बे में चोरों ने रामू पुत्र मंगली लोधी निवासी मढ़ियामई रसूलपुर के मकान में सीढ़ी के सहारे घुसकर छत पर पहुंचे जहाँ पीड़ित के घर में सीढ़ियों के सहारे घुस कर कमरे में 20 हजार रुपए नगद 1 जोड़ी पायल छागल कपड़ा का बक्सा चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी है लेकिन पूर्व की घटनाओं का खुलासा वर्षो बीत जाने के बाद पुलिस नहीं कर सकी है जिससे लोगों के अंदर आक्रोश के साथ दहशत का माहौल व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### अपनादल कमेरावादी ने एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद सौंपा ज्ञापन



**टेडीमोड कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार में द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली भ्रष्टाचार कमीशन खोरी रोकने को लेकर आयोग बना कर निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग उत्तर प्रदेश में चल रहे सभी प्रकार के खनन ठेका पट्टे के आवंटन में एससी एसटी ओबीसी के लोगों की प्राथमिकता के आधार पर सहभागिता सुनिश्चित किए जाने की मांग जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग छुट्टा आवारा जानवरों से किसानों की फसलों का हो रहे नुकसान के मुआवजे की मांग और आवारा जानवरों पर रोक लगाए जाने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर अपना दल कमेरा वादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह पटेल के नेतृत्व में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है इस मौके पर जयप्रकाश पटेल अरविंद सिंह पटेल त्रिलोकी सिंह लाल जी पटेल नंदलाल पटेल अजय कुमार रामचंद्र गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पैदल बैलगाड़ी से सनातन धर्म का कर रहे प्रचार

**इस्कान कृष्ण भक्ति शाखा पद यात्रा पहुंची नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र, हरे कृष्णा हरे कृष्ना हरे कृष्ना,हरे रामा करते पहुंची रथयात्रा**



इस्कान कृष्ण भक्ति पदयात्रा का स्वागत करते नगर वासी

**अझुवा कौशाम्बी।** कृष्ण भक्ति शाखा इस्कान मन्दिर वृंदावन के भक्त पिछले 37 वर्षो से देश विदेश अलग अलग प्रान्तों में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं आज शाम इश्कान मन्दिर के ऋतुदीप गौर चंद्र दास के नेतृत्व में 15 ब्रह्मचारी भक्तों के साथ पैदल बैलगाड़ी से नगर पंचायत अझुवा सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया जहां सुनील साहू ने सभी परमपूज्यो की आवाभगत कर उनका स्नेह आशीर्वाद अपने निजी आवास में प्राप्त किया है तपश्चात ब्रह्चारियों का रथ यात्रा भोला चौराहे से नगर के अंदर प्रवेश करते हुए शायरी माता चौराहा सब्जी मंडी होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से खागा की ओर प्रस्थान कर गया इस अवसर पर ऋतुदीप गौर चंद्र दास ने बताया उनका काफिला इश्कान मन्दिर से पिछले 4 वर्ष पहले निकला था डेढ़ वर्ष पहले पहले वृंदावन महाकुंभ की वजह से कुछ दिनों के लिए वापस मन्दिर संस्थान चला गया था उसके बाद से इन ब्रह्चारियों के साथये रथयात्रा हाथरस बुंदेलखंड बाँदा चित्रकूट झांसी सहित असंख्य कस्बों गांवों से गुजर रही है धर्मिक पुस्तकों श्री कृष्ण संदेश सहित तमाम धार्मिक पुस्तकों का वितरण करती है भजन कीर्तन करते हुए ये रथ यात्रा प्रतिदिन 15 से 20 किमी की दूरी चलती है सभी ब्रह्मचारी भक्त अपने अपने वस्त्र खाने पहनने का खुद का वहन करते है।ये धर्म रथयात्रा खागा फतेहपुर रायबरेली होते हुए प्रयागराज वाराणसी होते हुए अयोध्या धाम जाएगी इस दौरान नगर के तमाम समाजसेवियों के साथ प्रदीप त्रिपाठी सुनील साहू विमल पुच्ची आकाश केसरवानी चंद्रिका प्रसाद अग्रहरी अन्जनी पांडेय आशीष चक सहित सैकड़ों सनातन धर्मी मौजूद रहे।

## 5 महीने से गांव का विकास बाधित पंचायत सचिव की नहीं हो सकी तैनाती


### अर्चना सरोज सतीश चौधरी समेत कई पंचायत सचिव पर पहले से तमाम गंभीर आरोप के बाद अभी तक नहीं पूरी हुई कार्यवाही

**कोखराज कौशाम्बी।** गांव का विकास कराए जाने को लेकर योगी सरकार बार-बार निर्देश दे रही है लगातार शासन स्तर से जिले को करोड़ों का बजट भेजकर गांव क्षेत्र का विकास कराए जाने की उम्मीद सरकार लगाए बैठी है लेकिन विकास भवन के अधिकारियों के तुगलकी फरमान के चलते गांव क्षेत्र का विकास पूरी तरह से बाधित है पंचायत सचिव की तैनाती में भी मनमानी पूर्वक पक्षपात किया जा रहा है जिन पंचायत सचिव ने विकास भवन के अधिकारियों के चरणों में घुटने टेक दिए उन्हें मनमानी तरीके से ग्राम पंचायतों में तैनाती का आदेश दे दिया जाता है वरना तमाम ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव की तैनाती में हीला हवाली की जाती है जिससे ग्राम पंचायत क्षेत्र का विकास पूरी तरह से बाधित हो जाता है चचाओं पर जाएं तो पंचायत सचिव की तैनाती के मामले में विकास भवन के अधिकारियों द्वारा लाखों रुपए की वसूली की जाती है पंचायत सचिव ने विकास भवन के अधिकारियों का मुंह नोटों की गड्डी से नहीं बंद किया तो उस पंचायत सचिव के साथ विकास भवन के अधिकारी पक्षपातपूर्ण रवैया करते हैं। तमाम पंचायत सचिव भ्रष्टाचार में लीन हैं अर्चना सरोज सतीश चौधरी समेत कई पंचायत सचिव पर पहले से तमाम गंभीर आरोप हैं सरकारी रकम में हेराफेरी कर घोटाला किए जाने का आरोप भी कई पंचायत सचिव पर लगा हुआ है लेकिन आरोपित पंचायत सचिव को अतिरिक्त चार्ज देकर ग्राम पंचायतों का विकास कराए जाने का असफल मंसूबा विकास भवन के अधिकारी रखे हुए हैं घोटाले की रकम की रिकवरी और दोषी पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की पहल भी विकास भवन के अधिकारी करने के बजाए भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव के साथ गुप्तगू करते देखे जाते हैं। तमाम ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव की तैनाती नहीं की जा रही है जिससे गांव क्षेत्र का विकास पूरी तरह से बाधित है। बता दें कि सिराथू विकासखंड क्षेत्र के बिदनपुर आमद करारी भदवा और बिदनपुर ककोढा गांव में 5 महीने से पंचायत सचिव पद खाली चल रहा है तीनों ग्राम पंचायतों में किसी भी पंचायत सचिव की तैनाती 5 महीने बाद भी विकास भवन के अधिकारी नहीं कर सके हैं जिससे विकास भवन के अधिकारियों की मनसा का अंदाजा अब आम जनता भी लगाने लगी है। इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पंचायत सचिव की तैनाती में पक्षपात करने वाले विकास भवन के अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।

# डाक विभाग कर्मचारी की पिटाई से नाराज डाक कर्मचारी हड़ताल पर, नहीं हुआ कोई कार्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद प्रयागराज में डाक विभाग कर्मचारी की पिटाई किए जाने से नाराज डाक विभाग कर्मचारियों ने कौशाम्बी जनपद के विभिन्न डाकघरों में कार्य बहिष्कार कर दिया।जिसके चलते जनता का कोई भी काम कर्मचारियों ने नही किया जिससे लोगो को समस्या का सामना करना पड़ा तीन दिन पहले प्रयागराज के कचहरी डाकघर में महिला एडवोकेट ने काउंटर पर तैनात एक कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद हंगामा हो गया। इसी मामले से नाराज कौशाम्बी जनपद के विभिन्न डाकघरों के कर्मचारियों ने यूनियन के आह्वान पर डाकघरों में पोस्टर चिपका कर हड़ताल पर चले गए। जानकारी के अनुसार प्रयागराज जिला न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही एडवोकेट अंकिता शर्मा और उनके पति प्रशांत शर्मा प्रयागराज कचहरी डाकघर में कोई कागज रजिस्ट्री कराने के लिए गए हुए थे। रजिस्ट्री काउंटर पर मौजूद डाक कर्मचारी सज्जन कुमार मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शी डाक कर्मियों के अनुसार महिला एडवोकेट काउंटर पर जल्दी करने की बात कह रहीं थी, और वह काउंटर से सीधे अंदर पहुंच गयी। जिससे कर्मचारी सज्जन कुमार से विवाद हो गया।देखते ही देखते महिला वकील ने कर्मचारी के मुंह पर दो-तीन थप्पड़ मार दिया। जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। इसी बात से नाराज कौशाम्बी जनपद के 9 उप? डाकघरों समेत 88 शाखाओं के कर्मचारियों में डाक यूनियन के आह्वान पर कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान कोई भी जमा निकासी का काम नही किया। इस दौरान विभिन्न तरह के कामों के लेकर डाकघर आये लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। भरवारी डाकघर में बीते दो दिनों से हड़ताल होने के चलते चौरी चौरा एक्सप्रेस से आई डाक तो सम्बंधित कर्मचारी ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर रिसीव कर ली। पर यूनियन के आह्वान पर हड़ताल होने के नाते किसी तरह का कोई भी डाक वितरण नही किया गया।भरवारी डाकघर में इन दिनों सरकार के आदेशानुसार आधार कार्ड बनाने का भी काम किया जा रहा है। जिसमें नये आधार कार्ड बनाने के साथ- साथ पुराने आधार कार्डों के अपडेट होने के काम भी चल रहा है। पर डाकघर में कर्मचारियों की हड़ताल होने की वजह से भीषण ठंड में डाकघर में दूर दराज से आधार कार्ड बनवाने आये लोग मायूस होकर लौट गये।





बंद डाकघर

# जिलाधिकारी ने अलवारा झील का किया स्थलीय निरीक्षण

### अलवारा झील के संरक्षण, सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन को आकर्षित करने के दृष्टिगत विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने अलवारा झील के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 राम सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने अलवारा झील का अवलोकन कर तहसीलदार से झील का क्षेत्रफल आदि जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी को अलवारा झील के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने को भी दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को आगामी गर्मी के समय में साफ-सफाई कराने के निर्देश दियें। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि अलवारा झील को जलीय जैव विविधिता पार्क एवं नौकायन आदि के रुप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अलवारा झील में आधारभूत सुविधाओ के विकास, वॉच टावर एवं जन-जागरूकता करने के लिए वन विभाग द्वारा रू0 25 लाख की धनराशि उपलब्ध करायी गई है, शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेंगी।



अलवारा झील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## विकासखंड मूरतगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेरुवा में चरम सीमा पर व्याप्त है भ्रष्टाचार

# हैण्डपम्प मरम्मत और रिबोर के नाम पर निकाल ली 8 लाख 47 हजार की रकम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हैंडपंप मरम्मत और रीबोर के नाम पर ग्राम पंचायतों में बड़े खेल चल रहे हैं बिना हैंडपंप मरम्मत और रिबोर कराए सरकारी खजाने खाली करने में पंचायत के जिम्मेदार लगे हैं ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर व्याप्त हैं खंड विकास अधिकारी मूरतगंज एडीओ पंचायत से लेकर जिले के बिकास भवन के आलाधिकारी तक ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध कर बैठे हैं जिससे तमाम सवाल खड़े हो रहें हैं बीते कई महीनों से बिना कार्य कराए फर्जी बिल बाउचर के सहारे सरकारी खजाने से कई लाख की रकम निकालने में पंचायत के जिम्मेदार सफल हो चुके हैं अधिकारियों को अधेरे में डाल कर गुमराह करने में पंचायत के जिम्मेदार सफल दिखाई दे रहे हैं और अधिकारी शिकायती पत्र का इंतजार कर रहे हैं ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सरकारी खजाना को खाली करने में सफल हो रहें हैं हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर किए जा रहे बड़े भ्रष्टाचार की यदि जांच शुरू हुई तो ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं लेकिन आलाधिकारी किसी मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए नहीं दिख रहे हैं जिससे जिम्मेदार बेखौफ तरीके से लूट रहे हैं तमाम ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार के कारनामों के बाद इन दिनों मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बेरुवा ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर बड़े भ्रष्टाचार की चर्चा तेजी से हैं। मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेरुवा में हैण्ड पम्प मरम्मत कार्य के नाम पर सरकारी खजाने से बड़ी रकम निकाली जा चुकी हैं लेकिन किसी अधिकारी ने कभी ध्यान नहीं दिया हैं मरम्मत के नाम पर 6 लाख 62 हजार 352 रुपए निकाले जा चुके हैं जबकि गांव में हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई है ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मिलकर खूब ढिढोरापीटा रहें हैं और आलाधिकारी को अधेरे में डालें हुए हैं। पूरे ग्राम सभा में चार हैंडपंप रिबोर बताए जा रहे हैं पहला देवा स्थान मां काली के दरबार में एक हैण्ड पम्प रिबोर हुआ है भोले नाथ बाबा के पास हैंडपंप रिबोर कराया गया है शीतल माता मंदिर के पास रिबोर हुआ है और अनिल के घर के पास हैंडपंप रिबोर हुआ जिसमे हैण्ड पम्प रिबोर के नाम पर 1 लाख 84 हजार 655 रुपए निकाले जा चुके हैं लेकिन इतनी बड़ी धांधली होने के बाद भी आलाधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही हैं आखिर बड़ी धांधली कब उजागर होगी जन चचाओं की माने तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के साथ एडीओ पंचायत की मिली भगत से यह खेल खेला जा रहा है सवाल उठता है कि बिना किसी बड़े अधिकारी की मिली भगत के ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर इतने बड़े घोटाले कैसे हो सकते हैं हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर निकाले गए रकम की आला अधिकारियों ने जांच कराई तो पंचायत के जिम्मेदारों की मुश्किलें बढ़ना तय हैं।



# देशभक्त एवं भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा संतपुरुष स्वामी विवेकानन्द

## संपादकीय

## अव्यवस्था की उड़ान

पिछले एक-डेढ़ हफ्ते में कई भारतीय उड़ानों में मुसाफिरों के अशिष्ट व्यवहार और विमान संचालक दल की लापरवाही के मामले सामने आए।

ताजा घटना पटना की है, जिसमें दो यात्री नशे की हालत में पाए गए। वे नशा करके विमान में चढ़े थे और जब पटना हवाई अड्डे पर उनकी सांस जांची गई तो तथ्य सामने आया कि उन्होंने मदिरापान कर रखा था। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

मगर सवाल है कि जब वे नशा करके या कोई नशीला पदार्थ साथ लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे, तब वहां के कर्मचारी इस तथ्य की जांच करने से कैसे चूक गए। इसके अलावा, पिछले दिनों दो घटनाएं हुईं, जिनमें मुसाफिरों ने ऐसी अशोभन हरकतें कीं, जिन्हें संचालक दल की सावधानी से रोका जा सकता था। न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान में एक यात्री ने एक महिला सहयात्री से नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया।

वह हवाई अड्डे से आसानी से निकल भी गया। फिर दिल्ली से गोवा जा रहे गो फर्स्ट के विमान में एक विदेशी सैलानी ने विमान परिचारिका से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। एक विचित्र घटना यह सामने आई कि सोमवार को बंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानन कंपनी गो फर्स्ट के एक विमान ने करीब पचास यात्रियों के सवार होने से पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर लिया। इस लापरवाही के लिए अब भले ही कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगी है, लेकिन इससे हवाई यात्रा में पसर रही अव्यवस्था का ही पता चलता है।

इन घटनाओं के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने नोटिस जारी किया है और सभी विमान सेवाओं को निर्देश जारी किया है कि वे किस तरह मुसाफिरों के साथ पेश आएं, जांच आदि में क्या सावधानियां बरतें। किसी भी विमान में इस तरह की घटना होती है, तो उसे वह पूरी कंपनी बदनाम होती है, इसलिए इन विमान कंपनियों ने निस्संदेह खुद भी कुछ सावधानी बरतने के उपाय किए होंगे।

मगर सवाल है कि इस तरह की घटनाओं की नौबत ही क्यों आ रही है। इसकी पहली वजह तो यही है कि प्रतिस्पर्धी कारोबार के चलते तमाम निजी विमानन कंपनियां मुसाफिरों को आकर्षित करने का प्रयास खूब करती हैं और इसमें किराए को लेकर सबसे अधिक बदलाव किए जाते हैं। फिर जिस तरह रेलों और सड़क मार्ग से सफर करने में समय काफी लगता है और उनका किराया भी कम नहीं रह गया है, तब से बहुत सारे लोग हवाई जहाज से चलना सुविधाजनक मानने लगे हैं। निजी विमानन कंपनियों को उड़ान के घंटे और अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाने संबंधी नियमों को भी पहले से काफी लचीला बना दिया गया है, जिसके चलते अब छोटे-छोटे शहरों के लिए भी विमान सेवाएं शुरू हो चुकी हैं।

अब यह तथ्य छिपा नहीं है कि हवाई सेवाओं पर यात्रियों का दबाव तो बढ़ा है, मगर उस अनुपात में विमानन कंपनियों ने अपने संसाधन और सुविधाओं में विस्तार नहीं किया है। पिछले दिनों दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर सामान और मुसाफिरों की जांच में लगने वाले लंबे वक्त को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें आईं तो संसदीय समिति और उड्डयन मंत्रालय को इस पर सक्रिय होना पड़ा।

जाहिर है, इस तरह भीड़ को जल्दी जांच आदि कामों से निपटाने का प्रयास होगा, तो नशा करके या नशीले पदार्थ साथ लेकर चलने वालों को मौका मिलेगा ही। फिर, विमान के भीतर सुव्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी चालक दल की होती है। अगर कोई मुसाफिर अभद्र व्यवहार करता है, तो जाहिर है, यह चालक दल की भी कमी है। कारोबारी होड़ ठीक बात है, मगर मुसाफिरों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान न रखा जाए, तो सवाल उठेंगे ही।

## जरूरत है, चरित्र शिक्षा की जिम्मेदार नागरिक होने के लिए

**एक** बुरा चरित्र एक पंचर टायर की तरह है; जब तक आप इसे बदल नहीं लेते तब तक आप कहीं नहीं जा सकते।" शिक्षा एक बच्चे के एक पूर्ण वयस्क बनने के कायापलट को बढ़ावा देती है। मूल्यों के प्रचार और विकास के बिना मात्र सीखना शिक्षा की परिभाषा को भी खारिज कर देता है। मूल्यों और सिद्धांतों की शिक्षा आत्मा को आकार देती है और ढालती है सभी छात्रों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना किसी भी स्कूल के उद्देश्य का मूल है, और वे जो कुछ भी करते हैं, उससे बहुत कुछ पता चलता है। चरित्र शिक्षा कोई नई चीज नहीं है, जिसका विस्तार अरस्तू के काम तक होता है। फिर भी यह तर्क दिया जा सकता है कि हाल के वर्षों में स्कूलों में सफलता की खोज ने गाड़ी को घोड़े के आगे रखने की कोशिश की है। परीक्षा ग्रेड और विश्वविद्यालय स्थानों के संदर्भ में छात्रों को केवल सफलता के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने में, दबाव बनाया जाता है जो अक्सर छात्रों की भलाई और शैक्षणिक प्रगति के प्रति सहज ज्ञान युक्त हो सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनवान है, यदि उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। उदाहरणः मुसोलिनी, हिटलर सभी नैतिकता से रहित शिक्षा के उदाहरण हैं जो मानव जाति को उनके विनाश की ओर ले जा रही है। समकालीन समय में यह समान रूप से प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए, दहेज लेने वाला एक शिक्षित व्यक्ति लैंगिक समानता और लैंगिक न्याय के लिए मौत का मंत्र होगा। इस प्रकार, मूल्यों के बिना शिक्षा, जैसा कि लगता है, एक आदमी को एक चतुर शैतान बनाता है।

## देशभक्त एवं भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा संतपुरुष स्वामी विवेकानन्द

**-ललित गर्ग-**



स्वामी विवेकानंद भारत की आध्यात्मिक चेतना के एक ऐसे उज्ज्वल नक्षत्र है, जिन्होंने परंपराओं और आधुनिक विचारों को मथकर ऐसे मोती चुने, जिनसे भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। उनकी कीर्ति युग-युगों तक जीवंत रहेगी, क्योंकि उनका मानवहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी हैं, वे एक प्रकाश-स्तंभ हैं, भारतीय संस्कृति एवं भारतीयता के प्रखर प्रवक्ता, युगीन समस्याओं के समाधायक, अध्यात्म और विज्ञान के समन्वयक एवं आध्यात्मिक सोच के साथ पूरी दुनिया को वेदों और शास्त्रों का ज्ञान देने वाले एक महामनीषी युगपुरुष थे। उन्होंने भारत को अध्यात्म के साथ विज्ञानमय बनाया, वे अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे।

स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। संन्यास से पहले उनके नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। 1881 में नरेंद्र की मुलाकात रामकृष्ण परमहंस से हुई। इसके बाद गुरु रामकृष्ण से प्रभावित होकर 25 साल की उम्र में नरेंद्र ने संन्यास ले लिया। संन्यासी बनने के बाद उनका नाम स्वामी विवेकानंद पड़ा। उनके लिये संन्यास एवं संतता संसार की चिन्ताओं से मुक्ति का मार्ग था। उन्होंने पुरुषार्थ से भाग्य रचा-अपना, हिन्दू समाज का और उन सभी का जिनके भीतर थोड़ी भी आस्था एवं आत्मविश्वास था कि हमारा जीवन बदल सकता है। जो अपनी माटी एवं संस्कृति के प्रति समर्पित थे। वे साहसी एवं अभय बनने की प्रेरणा देते हुए कहते थे कि अभय हो! अपने अस्तित्व के कारक तत्व को समझो, उस पर विश्वास करो। भारत की चेतना उसकी संस्कृति है। अभय होकर इस संस्कृति का प्रचार करो।ह्ल

स्वामी विवेकानन्द के इन्हीं सुलझे हुए विचारों के कारण वे तत्कालीन युवापीढ़ी के आकर्षण का केन्द्र बने, इसमें कोई शक नहीं कि वे आज भी अधिकांश युवाओं के आदर्श हैं। यही कारण है कि उनका जन्म दिन युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी हमेशा यही शिक्षा रही कि आज के युवक को शारीरिक प्रगति से ज्यादा आंतरिक प्रगति की जरूरत है। वे युवकों में जोश भरते हुए कहा करते थे कि उठो मेरे शेरों! इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। वे एक बात और कहते थे कि जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। ऐसी ही कुछ प्रेरणाएं हैं जो आज भी युवकों को आन्दोलित करती है, पथ दिखाती है और जीने का दर्शन प्रदत्त करती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नया भारत निर्मित करने की बात कर रहे हैं, उसका आधार स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएं एवं प्रेरणाएं ही हैं।

स्वामी विवेकानन्द अच्छे दार्शनिक, अध्येता, विचारक, समाज-सुधारक एवं प्राचीन परम्परा के भाष्यकार थे। काल के भाल पर कुंकुम उकेरने वाले वे सिद्धपुरुष हैं। वे नैतिक मूल्यों के विकास एवं युवा चेतना के जागरण हेतु कटिबद्ध, मानवीय मूल्यों के पुनरुत्थान के सजग प्रहरी, अध्यात्म दर्शन और संस्कृति को जीवंतता देने वाली संजीवनी बूंटी, वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु हैं। वे अनावश्यक कर्मकांडों के विरुद्ध थे और हिन्दू उपासना को व्यर्थ के अनेक कृत्यों से मुक्त कराना चाहते थे। उन्होंने समाज की कपट वृत्ति, दंभ, क्रूरता, आडम्बर और अनाचार की भर्त्सना करने में संकोच नहीं किया।

पश्चिमी संस्कृति में योग एवं वेदांत के विषय में जागृति लाने का श्रेय भी स्वामी विवेकानंद को ही जाता है। जिन्होंने 19वीं शताब्दी में विश्व भ्रमण कर धर्म, ज्ञान और योग की शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया था। आज हर व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास चाहता है। इसके लिए सहना और तपना जरूरी है। अधिकतर लोग साधना और तपस्या से बचने के लिए ह्यशोर्टकटह्न रास्ते की खोज करते हैं। इससे क्षणिक सफलता मिल सकती है, पर इसके दूरगामी परिणाम हानिकारक होते हैं। स्वामीजी ने पुरुषार्थ के बल पर हर परिस्थिति को झेलते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि यह कभी मत कहो कि ह्यमैं नहीं कर सकताह्न, क्योंकि आप अनंत हैं। आप कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने चिन्ता नहीं, चिन्तन करने पर बल देते हुए नए विचारों को जन्म देने पर बल दिया।

स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में उनके प्रयासों एवं प्रस्तुति के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली परिवार में जन्मे विवेकानंद आध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे। वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे जिनसे उन्होंने सीखा कि सारे जीव स्वयं परमात्मा का ही एक अवतार हैं। इसलिए मानव जाति की सेवा द्वारा परमात्मा की भी सेवा की जा सकती है।

स्वामी विवेकानंद बहुत कठोर शिक्षक थे। उन्हें भारत से, भारत के लोगों से अगाध प्रेम था। वह भारत को एक बार फिर से महानता के शिखर पर ले जाना चाहते थे। यही वजह थी कि वह कमियों को नजरंदाज नहीं करते थे। चाहे वे कमियां उनके शिष्यों में हों या भारत के आम लोगों में। भारत से और इसकी आध्यात्मिक परंपरा से स्वामीजी का प्रेम अंधा नहीं था। स्वामीजी अपने शिष्यों से आंख मूंदकर यह मानने को नहीं कह रहे थे कि हमारी सभ्यता प्राचीन है, इसलिए इसे महान मान लो। उनका जोर तर्क की कसौटी का सहारा लेने पर था। स्वामीजी संन्यासी थे, संत थे, लेकिन उनके लिए धर्म का मतलब केवल मंदिर और कर्मकांड नहीं था। उन्होंने बहुत साफ शब्दों में धार्मिक कट्टरता और हिंसा पर प्रहार किया था।

भारत में विवेकानंद को एक देशभक्त संत एवं भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा पुरुष के रूप में माना जाता हैं। वे प्रज्ञा के पारगामी थे तो विनम्रता की बेमिशाल नजीर भी थे। वे करुणा के सागर थे तो प्रखर समाज सुधारक भी थे। उनमें वक्तृता थी तो शालीनता भी। कृशता थी तो तेजस्विता भी। आभिजात्य मुस्कानों के निधान, अतीन्द्रिय चेतना के धनी, प्रकृति में निहित गूढ़ रहस्यों को अनावृत्त करने में सतत संलग्न, समर्पण और पुरुषार्थ की मशाल, सादगी और सरलता से ओतप्रोत, स्वामी विवेकानन्द का समग्र जीवन स्वयं एक प्रयोगशाला था, एक मिशन था, भारतीय संस्कृति के अभ्युदय का अनुष्ठान था।

स्वामी विवेकानन्द अतुलनीय संपदाओं के धनी थे। उनकी मेघा के दर्पण से वेदान्त, दर्शन, न्याय, तर्कशास्त्र, समाजशास्त्र, योग, विज्ञान, मनोविज्ञान आदि बहुआयामी पावन एवं उज्ज्वल बिम्ब उभरते रहे। वे दर्शन, धर्म, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला और साहित्य के एक उत्साही पाठक थे। इनकी वेद, उपनिषद, भगवद् गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों के अतिरिक्त अनेक हिन्दू शास्त्रों में गहन रूचि थी। उनको बचपन में भारतीय शास्त्रीय संगीत में प्रशिक्षित किया गया था और ये नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम में व खेलों में भाग लिया करते थे। उन्होंने पश्चिमी तर्क, पश्चिमी दर्शन और यूरोपीय इतिहास का अध्ययन किया। 1881 में इन्होंने ललित कला की परीक्षा उत्तीर्ण की, और 1884 में कला स्नातक की डिग्री पूरी कर ली।

स्वामी विवेकानन्द हर इंसान को शक्तिसम्पन्न मानते थे, विश्व का हर कण शक्ति का अक्षय भंडार है और असीम स्रोत है। विश्व का दीप वह बनता है जो इस सत्य को अभिव्यक्ति देता है और दूसरों में अनुभूति की क्षमता जागृत करता है। हर युग हजारों संभावनाओं को लिए हुए हमारे सामने प्रस्तुत होता है। युग का नेतृत्व वह करता है जो उन संभावनाओं को वर्तमान का परिधान दे पाता है। वर्तमान युग संघर्षों का युग है। आज का प्रबुद्ध मनुष्य प्राचीन मूल्यों के प्रति आस्थावान होकर नए मूल्यों की स्थापना के लिए कृत-संकल्प है। युग का प्रधान वही हो सकता है जो इस संकल्प की पूर्ति में योग दे सकता है। स्वामी विवेकानन्द विश्वदीप थे, युग नेतृत्व के सक्षम आधार थे एवं नये धर्म के प्रवर्त्तक थे। विलक्षण जीवन और विलक्षण कार्यों के माध्यम से उन्होंने अध्यात्म को एक नई पहचान दी। स्वामी विवेकानन्द जन्म जयन्ती पर उनको हार्दिक नमन! श्रद्धासुमन समर्पित!!

> यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है

## विकास का वास्ता विनाश का रास्ता?

**निर्मल रानी**

उत्तराखंड के सीमाँचलीय कस्बे जोशीमठ में पहाड़ों के धंसने की सूचना मिलने के बाद खबर है कि प्रधानमंत्री कार्यालय स्वयं इस प्राकृतिक आपदा पर नजर रख रहा है। पहाड़ों के धंसने का सिलसिला फिलहाल यहीं थम जायेगा या अभी इस तरह की और घटनाओं का सामना क्षेत्रवासियों को करना पड़ेगा इसके बारे में अभी तो निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता परन्तु इतना तो जरूर है कि पहाड़ों के धसान की इस घटना ने उत्तराखंड वासियों विशेषकर कुमाऊं,पौड़ी व गढ़वाल क्षेत्र के लोगों के माथे पर भय व चिंता की लकीरें जरूर खींच दी हैं । जोशीमठ में पहाड़ों का धंसना,इमारतों में दरार आना या कुछ इमारतों का तिरछा हो जाना भले ही यह खबरें टी वी पर समाचार प्रसारण की 'विस्फोटक शैली' व समाचार के प्रस्तुतिकरण के चलते नई सी प्रतीत होती हों परन्तु यह इस इलाके में अत्यंत मद्धिम गति से चलने वाली निरंतर घटना का ही एक बड़ा रूप कहा जा सकता है। दशकों से इस इलाके में पहाड़ों के धसान का सिलसिला जारी है। परन्तु चूँकि इस बार यह विषय जोशीमठ जैसे पर्यटन व तीर्थ स्थलीय कस्बे वाली घनी आबादी के इलाके से जुड़ा है इसलिये देश दुनिया की नजरों में यह एक बड़ी 'प्रकृतिक आपदा' के नाम से जरूर सामने आया।




जोशीमठ आपदा के बाद एक बार फिर यह बहस तेज हो गयी है कि क्या विकास के नाम पर प्रकृति के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ के परिणाम स्वरूप ही इस तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है ? दशकों से छिड़ी इस बहस के बावजूद पृथ्वी के दोहन का सिलसिला, रुकना तो दूर क्या कम भी हुआ है ? या इसके ठीक विपरीत यह बढ़ता ही जा रहा है ? जहां तक जोशीमठ से जुड़ी पर्वत श्रृंख्लाओं का प्रश्न है तो उन्हें तो पिछले कई वर्षों से धार्मिक पर्यटन विकसित करने तथा देश की सुरक्षा के नाम पर लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। उत्तराखंड के पहाड़ों में दूरस्थ स्थित केदार नाथ,बद्री नाथ,गंगोत्री व यमनोत्री जैसे चारों प्रमुख तीर्थ धाम को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये विशेष सर्किट तैय्यार किया जा रहा है। गौर तलब है कि समुद्र तल से गंगोत्री की ऊंचाई 11,204 फिट बद्रीनाथ की 10,170 यमुनोत्री की 10,804 और केदारनाथ की ऊंचाई 11,755 फीट है। हिमालय में स्थित इन चारों धामों में निरंतर बर्फबारी के कारण यहाँ मौसम ठंडा रहता है। दिसंबर 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार धाम परियोजना की आधारशिला रखी थी उस समय मीडिया द्वारा इसे प्रधान मंत्री का 'मास्टर स्ट्रोक' बताया गया था। उस समय यह भी बताया गया था कि लगभग 12000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 900 किलोमीटर लंबी इस चार धाम सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चारों प्रमुख धामों के लिए तीर्थ यात्रियों को हर मौसम में सुलभ और सुविधाजनक रास्ता देना है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रोजेक्ट के तहत तीन डबल-लेन हाईवे का निर्माण करने की इजाजत दी थी। हालांकि उसी समय 'सिटीजन्स फॉर ग्रीन दूनह्न नामक एक ठऋड ने पर्यावरण के प्रति गहन चिंता जताते हुए इस प्रोजेक्ट को चुनौती भी दी थी। परन्तु न्यायालय ने देश की रक्षा जरूरतों के आधार पर इसे सही ठहराया। केवल राजमार्ग निर्माण ही नहीं बल्कि इसी इलाके में रेलवे लाइन्स भी बिछाई जा रही हैं जिसके लिये अनेक छोटी बड़ी सुरंगें भी बनाई जा रही हैं। इसी राष्ट्रीय सुरक्षा,तीर्थ यात्रियों की सुविधा व विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का नतीजा भी जोशीमठ पर्वत धंसान के रूप में हमारे सामने आता रहता है।

इसी तरह भू गर्भ से कोयला निकालने की कवायद जोकि भारत में सबसे पुराने कोयला क्षेत्र पश्चिम बंगाल के रानीगंज में 1774 में ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा शुरू की गयी थी वह झारखण्ड,उड़ीसा,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,असम,मेघालय व अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में अंधाधुंध कोयला दोहन के रूप में आज भी जारी है। दशकों पूर्व से ही इस बेतहाशा कोयला दोहन के दुष्परिणाम भी आने शुरू हो चुके हैं। झारखण्ड व छत्तीसगढ़ जैसे कई राज्यों से कोयला खनन क्षेत्रों से जमीन के धंसने,जमीन से धुंआ निकलने,कहीं धरती से पानी निकलने,मकान ढहने आदि की खबरें आती रहती हैं। परन्तु चूँकि इस इलाके के प्रभावित लोग प्रायः दो वक़्त की रोटी के लिए जूझने वाला गरीब मजदूर वर्ग के व्यक्ति होते हैं इसलिये इनके भय व तबाही की खबरें स्थानीय समाचारपत्रों के भीतर के किसी कोने में प्रकाशित होकर रह जाती हैं। टी वी तो इन खबरों को दिखाना ही नहीं चाहता क्योंकि उसे इनमें कोई 'मास्टर स्ट्रोक ' दिखाई नहीं देता। इसी तरह रेत खनन के धंधे से जुड़े लोगों को इसबात की फिक्र नहीं रहती कि उनके अवैध रेत या मिट्टी खनन के परिणाम स्वरूप बांध या तटबंध के किनारे टूट सकते हैं। जिससे गांव के गांव बाढ़ से तबाह होते हैं। बाढ़ का कारण भी इसी तरह का अवैध खनन बनता है। और पिछले दिनों बिहार के एक नव निर्मित पुल का खंबा तो कथित रूप से केवल इसलिये टूट गया क्योंकि भ्रष्टाचार के संरक्षण में उस खंबे की जड़ों में से भी रेत निकाली जा चुकी थी जिसके चलते वह खंबा टेढ़ा हो गया और सैकड़ों करोड़ की लागत से बना पुल ढह गया।

देश के तमाम क्षेत्रों में विकास के नाम पर चलने वाले इसी प्रकार के कोयला,रेत व मिटटी खनन,विध्वंस,वृक्ष कटाई,सुरंग निर्माण,बारूद ब्लास्ट,सड़क निर्माण के लिये होने वाली पहाड़ों की कटाई,बड़ी संख्या में इन्हीं कारणों से हो रहे वृक्षों के कटान आदि धरती को तबाही के द्वार तक पहुँचाने के पर्याप्त कारण हैं। बड़े पैमाने पर विकास के नाम पर होने वाली इन्हीं मानवीय 'कारगुजारियों ' का नतीजा ही ग्लोबल वार्मिंग,ग्लेशियर्स के पिघलने,तापमान के गर्म होने व समुद्रतल के बढ़ने,भूस्खलन,पहाड़ धंसने जैसी आपदाओं के रूप में भी सामने आ रहा है। निश्चित रूप से यह भी दुनिया को विकास की चकाचौंध दिखाने वाले मानव को ही समय रहते यह सोचना होगा कि वह विकास का वास्ता देकर विनाश का रास्ता आखिर कब तक अख़्तियार करता रहेगा।

## सेकेंडरी परीक्षा यानि शादी एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट

**बलदेव राज भारतीय**

हमारा देश शादियों का देश हैं। जितनी शादियां यहां होती हैं उतनी शायद संसार में कहीं न होती हों। यही कारण है कि यहां हर रोज कहीं न कहीं किसी न किसी का बैंड जरूर बज रहा होता है। जिसका बैंड बजता है उसके चेहरे की मुस्कान देखकर आप अनुमान लगा सकते हो कि वो हंस रहा है और हंसते हुए जो बजे उसे ही हसबैंड कहते हैं। ये अंग्रेज काफी चालाक रहे हैं इन्होंने पति के लिए अंग्रेजी शब्द अपने बैंड को हमारे हंसने के साथ जोड़कर हसबैंड बनाया। दुनिया भर के पतियों को अंग्रेजो से इसका बदला लेना चाहिए। परंतु हम तो बात कर रहे थे शादियों की। भारत में शादियां बारहमासी हो गई है। पहले ऐसा समय था कि शादियों के लिए कुछ महीनों पर प्रतिबंध था। परंतु शादियों की मारामारी के कारण वे सारे प्रतिबंध अब हट से गए हैं। ऐसा लगता नहीं बल्कि हमारे देश की वास्तविकता यही है कि यहां लोगों के जीवन का अंतिम लक्ष्य ही शादी होता है। लोग सपने भी शादी के लेते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए भी जी तोड़ मेहनत करते हैं। कई स्कूलोंए कॉलेजोंए संस्थानों में ऐसे छात्र छात्राएं पढ़ते हुए मिल जायेंगे जो बस इसीलिए पढ़ते हैं ताकि उनके लिए कहीं से कोई रिश्ता आए तो यह कहा जा सके कि लड़का बड़ा होनहार है अभी पढ़ रहा है। रिश्ता करने वाले भी लड़के की भोली सूरत देखकर जमीन या प्लॉट का हिसाब किताब लगाकर फट से रिश्ते के लिए हां कर देते हैं। हमारे देश की महानता इसी में है कि यहां रोजगार से ज्यादा महत्त्व शादियों को दिया जाता है। दिया भी क्यों न जाएघ मनुष्य मात्र का एक ही लक्ष्य है कि वो अपने जैसी नस्ल उत्पन्न कर पितृऋण से मुक्त हो जाए। हमारे देश की खास बात यही है कि कोई और ऋण चुकाएं या ना चुकाएं पितृ ऋण चुकाने में यहां कोई पीछे नहीं रहना चाहता। इस बात का अनुमान इसी बात से लगा सकते हैं कि बच्चे के जन्म के समय मां बाप उसकी परवरिश की अपेक्षा उसके विवाह की चिंता अधिक करने लगते हैं। अगर किसी के घर कन्या जन्म ले ले तो कई लोग लोक दिखावे के लिए कह देते हैं कि घर में लक्ष्मी आई हैए कोई नहीं कहता कि सरस्वती आई है। ताकि जब कन्या का विवाह करे तो कह सके कि मेरे घर की तो सारी लक्ष्मी चली गई।

अकसर अधिकारीगण स्कूलों में निरीक्षण करने जाते हैं तो वे प्रायः बच्चों से एक प्रश्न जरूर करते हैं कि वे बड़े होकर क्या बनेंगेघ कुछ पढ़ने वाले बच्चों को छोड़कर कोई भी इस प्रश्न का उत्तर उन्हें नहीं देता। अधिकारी यह कहकर उन्हें फटकारते हैं कि कैसे बच्चे हैं आपघ आपने अभी तक अपने जीवन का लक्ष्य तय नहीं कियाघ अब बेचारे बच्चे अधिकारी को क्या कहेंघ कहें कि वे बड़े होकर बाप बनना चाहते हैं। क्योंकि उनके जीवन का अंतिम लक्ष्य तो यही है। वे अपने जीवन के इस लक्ष्य को सरेआम बताएंगे तो बाकी बच्चे उन पर हंस सकते हैं और अध्यापक तथा अधिकारी भी उन्हें डांट पिला सकते हैं। इसलिए वे चुपचाप रहते हैं। और मन ही मन अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढसंकल्पित हो जाते हैं। अधिकारी या अध्यापक उन बेचारों की पीड़ा को क्या समझेंघ जो प्रश्न याद न होने पर अध्यापक की छड़ी की मार चुपचाप इसलिए खा लेते हैं कि बस स्कूल में नाम चलता रहे ताकि कोई रिश्ते वाला आए और उनका रिश्ता हो जाए।

ऐसे बच्चों के लिए सेकेंडरी की परीक्षा शादी एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट से बढ़कर कुछ भी नहीं। सेकेंडरी परीक्षा पास करते ही वे शादी के लिए योग्य हो जाते हैं। उनके रिश्ते आने आरंभ हो जाते हैं और एक दो साल बाद उनकी शादियां हो जाती हैं। फिर वे अपने जीवन का उद्देश्य पूरा करने में जी जान से जुट जाते हैं। सरकार को भी उनकी सहायता हेतु कुछ न कुछ कदम तो अवश्य उठाने चाहिएं। कम से कम इतना तो सरकार कर ही सकती है कि ऐसे बच्चे जो केवल शादी के लिए योग्यता प्रमाण पत्र लेना चाहते हैं उनके लिए बोर्ड परीक्षा में पास होने के लिए अनिवार्य अंक तैंतीस प्रतिशत से घटाकर बीस प्रतिशत कर दिए जाएं। इस प्रकार वे शान से कह सकते हैं कि उन्होंने भी शादी का सर्टिफिकेट या डिग्री हासिल कर ली है।

## सत्संग नहीं सहसंग कहो.

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

बाधा स्वामी डाकू प्रमुख बाबा चोरेंद्र सियार बगलेझांक लोगों के माथे पर डर का चूना लगाकर दान में दी गई अपने निजी बीएमडब्ल्यू (बकलौली, मारकाट और वाहयात प्रवचन) कार से वीरवार को चोर बाजार स्थित अपनी काली करतूतों वाली गुफा में पहुंच चुके हैं। जब कभी सुंदर-सुंदर बालाओं पर कहर बरपता है तो वे यहाँ अक्सर प्रवचन देने उपस्थित हो जाते हैं। सप्ताह में तीन बार सहसंग का आयोजन होता आ रहा है। आज सोमवार को छोटे सहसंग का आयोजन किया जा रहा है तथा रविवार को बड़े सहसंग का आयोजन होगा। सुंदर-सुंदर बालाओं ने स्वयं यातायात के नियमों की पालना हेतु मोर्चा संभाल लिया है, ताकि जाम की स्थिति न बन सके। बता दे कि यहां पर लाखों की संख्या में सुंदर बालाएँ बाबा जी के दर्शन के लिए सहसंग पहुंचती है। इसलिए सुंदर-सुंदर बालाओं तथा बलाओं ने कमर कस ली है। वाहनों की पार्किंग के लिए यहां पर 25 से 30 अस्थायी पार्किंग बनाई गई हैं, ताकि सहसंग को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो। जगह जगह सुंदर-सुंदर बालाओं द्वारा मधुशाला की छबीलें लगाई गई है। चौराहों पर मधुकूपों का फव्वारा भी बनाया गया है। इसमें बाबा जी के दुर्वचनों का नशा मिलना गारंटिड है।

सहसंग के ठहरने तथा खाने पीने का भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। जगह जगह पर सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए गए है जिस से शरारती तत्वों, जेबकतरों तथा हुड़दंगियों पर बाबा जी की पैनी नजर रहेगी। आगे चलकर इन्हीं में से उन्हें अपने चेले बनाने में मदद मिलेगी। दूसरे राज्यों से सहसंग में भाग लेने वाली बालाएँ निजी गाड़ियों में आ रही है तथा इसकी बढ़ोतरी दिन प्रतिदिन देखी जा रही है।

## फटाफट खबरें

### विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध चलाया अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** प्रभारी सचिव उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण ने जानकारी दी कि उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत तीन स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। प्र. सचिव ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नगर पालिका परिषद के जोन-5 के अन्तर्गत की गयी है। अवैध निर्माणकताओं मो. हैदर रजा व अन्य द्वारा नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत निराला नगर फेस-1 के सन्निकट, नहर के किनारे 1 बीघा अमानुल्लाह रहीम एवं उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत निराला नगर फेस-1 के सन्निकट नहर के किनारे 2 बीघा 6 बिस्वा तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, पाण्डेय कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड कृष्ण कुमार पाण्डेय मटरी अंगनू व अन्य के द्वारा नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत निराला नगर फेस-2 के सन्निकट 2 बीघा भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था।

अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन स्टाफ नायब तहसीलदार तनवीर अहमद एवं कोतवाली सदर के पुलिस बल की उपस्थिति में सम्पन्न करायी गयी है।

### होती रही नदी की सफाई, लोग फेंकते रहे पालीथिन की थैलियां



**चित्रकूट।** तीसरे दिन पुलघाट में सिंचाई विभाग के नाविकों ने मन्दाकिनी नदी के घाटों की सफाई की। रामघाट के आसपास भी सफाई का अभियान चला। मगर लोग धडल्ले से पालीथिन की थैलियां पुल के ऊपर से नदी में फेंक रहे हैं। ऐसे लोगों का बुंदेली सेना ने पुलिस से चालान करने की मांग की है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के पहले साफ स्वच्छ घाट बनाने को सिंचाई विभाग अभियान चला रहा है। अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार के निर्देशन में एई गुरु प्रसाद और जेई अभियान में डटे हैं। तीसरे दिन कर्वी के पुलघाट और तीर्थक्षेत्र में नदी के घाटों की सफाई हुई। लोगों में मंदाकिनी नदी के प्रति घोर उदासीनता है। एक ओर सफाई चल रही है, वहीं दूसरी ओर लोग पालीथिन की थैलियों में भरकर पूजन सामग्री फेंक रहे हैं। लगभग दो सौ थैलियां बुधवार को पुल से नदी में फेंकी गई।

बुंदेली सेना ने पुलिस से ऐसे लोगों का चालान करने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। एसपी से अनुरोध किया है कि पुल में दो होमगार्ड की ड्यूटी दिन मे लगाई जाये।

### वास्तविक किसानों से धान खरीदी का डीएम ने दिया जोर, 1366 किसानों से खरीदा 8358 टन धान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले में संचालित धान क्रय केन्द्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत किसानों से धान खरीद की स्थिति के बारे में क्रय केन्द्र प्रभारियों से जानकारी ली।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां ने बताया कि 14 धान क्रय केन्द्रों में अब तक 1366 किसानों से 8358 मैट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। डीएफएमओ ने बताया कि 3230 किसानों ने पंजीकरण कराया है। 2958 किसानों का सत्यापन हो चुका है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने तहसील में लेखपालों के माध्यम से पंजीकरण बढायें। केन्द्र प्रभारी तय करें कि ज्यादा किसानों को बुलाकर केन्द्रों पर धान खरीद की जाये, किसानों को कोई परेशानी न हो।

उन्होंने चकबन्दी वाले गांव में किसानों के अभिलेखों की गहनता पूर्वक जांचकर धान खरीद को कहा। सभी धान क्रय केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए नोडल अधिकारियों के माध्यम से नियमित निरीक्षण कराकर धान खरीद की स्थिति की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिये। पीसीएफ से संचालित सभी धान क्रय केन्द्रों पर दैनिक लक्ष्य के अनुसार धान खरीद न होने पर जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं एआर कोआपरेटिव को निर्देश दिये कि खण्डेहा, रामनगर और पहाडी उत्तरी में खास तौर पर ध्यान देकर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करायें। केन्द्रों पर बोरों की कमी होने और राइस मिलों को धान न भेजने पर नाराजगी जताई।

वास्तविक किसानों से धान की खरीद की जाये। बैठक में जिला खनिज अधिकारी/एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, सभी उपजिलाधिकारी, मंडी समिति के सचिव, एआर कोआपरेटिव आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर चालकों को एआरटीओ ने किया जागरूक

**चित्रकूट।** सडक सुरक्षा माह पांच जनवरी से चार फरवरी तक के अभियान के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने विभिन्न स्थानों पर जांचकर ट्रैक्टर ट्राली मालिकों एवं चालकों को रेलवे क्रासिंग पार करने के नियम बताये।

बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला, यात्री कर एवं मालकर अधिकारी डॉ संतोष कुमार तिवारी ने ट्रैक्टर ट्राली मालिकों एवं चालकों को रेलवे क्रासिंग पर ट्रैक्टर पार करने एवं मोड पर ट्रैक्टर चलाने की बाबत प्रशिक्षत कर जागरूक किया। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफलेक्टिव लगवाने की कार्यवाही की।

उन्होंने वाहन चालकों एवं मालिकों को रेट्रो रेफिलेक्टिव एवं ओवर स्पीड की बाबत जागरूक किया। कहा कि पांच जनवरी से चार फरवरी तक सडक सुरक्षा माह चल रहा है। इस दौरान तथा अन्य समय में भी सभी कागजात लेकर वाहन चालक चलें। यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# ऐतिहासिक भवन के 44 अवैध कब्जा धारकों को नोटिस जारी

## एक सप्ताह में न खाली होने पर प्रशासन का गरजेगा बुलडोजर

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पुरानी कोतवाली भवन में अवैध ढंग से काबिज 44 लोगों को जिला प्रशासन ने नोटिस देकर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिये हैं। अवैध कब्जा करने वालों को एक सप्ताह में खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद प्रशासन अवैध कब्जा हटाने को बुलडोजर चला सकता है।

बुधवार को जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार इलाके में मराठा कालीन विनायकराव पेशवा ने इस भवन का निर्माण कराया था। यह पेशवा नरेशों का महल रहा है। यहां से मराठा काल के दौरान बने गोल तालाब, कोठी तालाब व गणेश बाग जाने को गुप्त रास्ते भी हैं। मौजूदा समय में भवन को देखकर लगता है कि ये कभी आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पुरातत्विक धरोहर भी है। ब्रिटिश हुकूमत ने इस भवन पर कब्जा जमाने के बाद थाना संचालित किया था। आजादी के बाद भी यहीं पर कोतवाली चलती रही। नया भवन बनने के बाद यहां से कोतवाली हटी तो पुलिस महकमे के साथ अन्य विभागों से जुडे कर्मचारियों ने इस भवन पर अवैध ढंग से कब्जे जमा लिए। धीरे-धीरे ये ऐतिहासिक इमारत अवैध कब्जाधारकों के हाथ चला गया। सरकार ने जब सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का अभियान शुरू किया तो जिला



प्रशासन ने भी अपने कदम आगे बढाये हैं।

मौजूदा समय में जिले में कहीं न कहीं अवैध कब्जे हटाने का अभियान चल रहा है। डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश पर एसडीएम राजबहादुर ने इस भवन से अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यहां अवैध ढंग से कब्जा कर रह रहे 44 लोगों को नोटिस दी गई है। सभी को एक सप्ताह का खाली करने का समय दिया है। निर्धारित समय पर खाली न होने पर प्रशासन अवैध कब्जा हटायेगा।

इसी भवन में मौजूदा समय में महिला थाना के साथ कर्वी तहसील क्षेत्र का रजिस्ट्री कार्यालय भी है। इन दोनों को भी जिला प्रशासन ने हटाने का निर्णय लिया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम ने सब रजिस्टार के साथ बैठक की है। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय को शहर के भीतर ही स्थान चयन करने का निर्देश एसडीएम सदर को दिये हैं। दूसरी ओर एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला को महिला थाना अन्य जगह शिफ्ट करने को कहा है।

# 61 रनों से बनारस ने मैच जीतकर दिल्ली को हराया

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म स्मृति पर अखिल भारतीय क्रिकेट टूनार्मेंट का 20 वर्ष जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम पर ग्रुप डी का पहला लीग मुकाबला बनारस बनाम दिल्ली के बीच खेला गया जिसमें बनारस ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और अच्छी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर खेलकर 176 रन बनाए जिसमें बनारस के बल्लेबाज उमेश यादव ने 31 गेंदों पर 38 रनों का योगदान दिया वही बीच के बल्लेबाजों ने अच्छे बल्लेबाजी का प्रदर्शन नहीं किया और जल्दी-जल्दी विकेट गिरते गए 9वे विकेट की साझेदारी में जिसमें हर्ष सिंह ने 33 गेंदों पर 41 रन नाबाद बनाएं दिल्ली के गेंदबाज एजाज और शुभम ने तीन-तीन विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली के बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए दिल्ली 25 ओवर खेलकर 113 रन ही बनाने जिसमें सर्वाधिक रन निखिल पांडे ने 31 गेंदों पर 28 रनों का सहयोग दिया वही दूसरे बल्लेबाज यश मिश्रा ने 19 गेंदों पर 15 रनों



का योगदान दिया बनारस ने अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को ध्वस्त कर दिया और इस मैच को बड़े ही रोमांचकारी तरीके से 64 रनो से जीत लिया बनारस के गेंदबाज रोहित यादव ने 5 विकेट लिए अमन शर्मा उत्तम ने एक-एक विकेट प्राप्त किए वही चंदन ने 2 विकेट प्राप्त किए और आज के मैच के मुख्य अतिथि श्री केशव शिवहरे विशिष्ट अतिथि श्री राम बहुरी जी कुणाल प्रताप सिंह सीपी द्विवेदी राम नारायण साहू अजय प्रताप प्रमेंद्र प्रताप सिंह महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का औपचारिक शुभारंभ करवाया वही आज के एंपायर रहे प्रेम नारायण और समसुद्दीन खान स्कोरर विजय भरद्वाज सौरभ नाहर कॉमेंटेटर किशन बरार लोकेश ठाकुर नागराज करवरिया आज के मैच को सफल बनाने में करण पटेल अनुज कुशवाहा सिराज खान आनंद पटेल इरफान खान ऑस्ट्रेलिया आशीष दीपांशु रायकवार दीपक मिश्रा रामचंद्र मीडिया मैनेजर नागेंद्र मिश्रा जी ने बताया कि कल ग्रुप डी का दूसरा लीग मुकाबला सुभाष स्पोर्टिंग क्लब चित्रकूट बनाम ललितपुर के बीच खेला जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की बाबत सुझाव-आपत्तियां दें: डीएम, चहुंमुखी होगा चित्रकूट का विकास



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की बाबत समीक्षा बैठक में मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्रालि के आर्किटेक्टों ने बताया कि चित्रकूट में सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की शुरूवात मई 2022 में हुई थी। विभिन्न बैठकें करके लोगों से सुझाव, आपत्तियां लेकर निस्तारित की गई हैं।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी अधिकारियों से कहा कि सिटी डेवलपमेन्ट प्लान में जो प्रस्ताव तैयार हुए हैं, उसमें कोई सुझाव देना चाहें तो उपलब्ध करायें। उन्होंने आर्किटेक्टों से कहा कि राजापुर तुलसी मन्दिर के पास यमुना नदी एवं मन्दाकिनी गंगा का भी प्रस्ताव बनायें। मन्दाकिनी दर्शन को एसडीएम व एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिये हैं कि मन्दाकिनी गंगा की भूमि का सीमांकन करायें। यात्री धर्मशाला व अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ईको टूरिज्म में प्रभागीय वनाधिकारी के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करायें। मैनेजमेन्ट टीम से वार्ता करके डीपीआर बनाकर उपलब्ध करायें। सर्वे में कोई सहयोग की जरूरत हो तो बतायें। अच्छे ढंग से डीपीआर तैयार कर वीडियो कांफ्रेंसिंग भी करायें।

आर्किटेक्टों ने उन्हें बताया कि सिटी डेवलपमेन्ट में पार्क, पेयजल, विद्युत, सम्पर्क मार्ग, सीवर प्लांट, रानीपुर टाइगर रिजर्व, कृषि पर्यटन, सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, ट्रांसपोर्ट रुट, सेफ्टी ईको टूरिज्म के तहत रिसार्ट गणेश बाग का सुन्दरीकरण, सिटी बस का प्राविधान, मन्दाकिनी नदी, ट्रामा सेंटर, आयुर्वेदिक नेचुरल पैथी सेक्टर, विश्वविद्यालय, मार्डल गौशाला, लक्ष्मण घाट, बरुआ डैम, कोठी तालाब का सुन्दरीकरण, एजुकेशन पर प्रगति के प्लान बनाये गये हैं। बाल्मीकि व तुलसीदास की नगरी राजापुर में भी अयोध्या से चलकर राम वन गमन मार्ग का चित्रकूट में अन्तिम पडाव भी है। इसके मद्देनजर योजना तैयार की गई है। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### गाजियाबाद में दो नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बुधवार को दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटनाएं प्रकाश में आई है। यह घटना मुरादनगर थाना क्षेत्र की है, जहां अपनी मां से नाराज होकर दिल्ली जा रही एक नाबालिग लड़की को दो ई-रिक्शा चालक ना केवल कई घंटे तक इधर-उधर घुमाते रहे बल्कि उसके साथ दुष्कर्म भी किया और एलटी सेंटर पर छोड़कर फरार हो गए। इसके अलावा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में आज एक नाबालिग लड़की के साथ एक युवक ने दुकान पर दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण डॉक्टर ईरज राजा ने बताया मंगलवार रात को एलटी सेंटर पर एक नाबालिग लड़की बदहवास अवस्था में मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह मुरादनगर क्षेत्र में रहती है।

# कोतवाली का औचक निरीक्षण कर एसपी ने चेक किया रिस्पांस टाइम

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ कर्वी कोतवाली का औचक निरीक्षण कर मरम्मत को चिन्हित कार्यों का सत्यापन किया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कर्वी कोतवाल को निर्देश दिये कि अभिलेखों को दुरुस्त रखें। माल मुकदमाती सीज वाहनों के बारे में निर्देश दिये। साफ-सफाई दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने चिन्हित मरम्मत कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। पुलिस कार्यालय में एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने आये फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण को थानाध्यक्षों को निर्देश दिये।



पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बीती रात डायल 112 एवं 108 का रिस्पांस टाइम चेक करने को खुद कालर बन डायल 112 व 108 पर कान्हा ढाबा के पास कर्वी-बांदा रोड में सडक हादसे की सूचना दी। जल्द डायल 112 व 108 से मदद का अनुरोध किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 व 108 की गाडियों के कर्मचारियों ने रिस्पांस टाइम को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। काल करने के 25 मिनट बाद पहुंची डायल 112 पीआरवी 2041 के पुलिस कर्मियों ने बताया कि कालर की सही लोकेशन न होने से पहुंचने में देरी हुई है।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिये कि सूचना मिलते ही इवेन्ट जनरेट होते ही तत्काल कालर से सम्पर्क कर सही लोकेशन की जानकारी ली जाये, ताकि घटना स्थल में पहुंचने में देरी न हो। कम से कम समय लगे, ताकि रिस्पांस टाइम में सुधार हो सके। घटना स्थल पर देरी से पहुंचने पर डायल 112 के प्रभारी एवं संबंधित पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी किया। चैकी शिवरामपुर का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों को दुरुस्त कर माल मुकदमाती सीज वाहनों की बाबत आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में 26वां वार्षिक क्रीडा समारोह शुरू

## महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पर केन्द्रित होता है देश का भविष्य: आरके दीक्षित

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में दो दिवसीय 26वें वार्षिक क्रीडा समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि/डीएफओ आरके दीक्षित ने किया। उन्होंने छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अनिवार्य अंग है। इसलिए सभी छात्र/छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए।

बुधवार को खेल का शुभारम्भ कर मुख्य अतिथि ने जीवन की चार अवस्थाओं का वर्णन करते हुए बताया कि महाविद्यालय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं प्रायः किशोर अवस्था के होते हैं। ये अवस्था छात्र जीवन का स्वर्णिम समय होता है। जिसमें छात्र/छात्राओं के भविष्य के साथ समाज, प्रदेश और देश का भविष्य आधारित होता है। छात्र/छात्राओं को इस समय का सदुपयोग स्वयं तथा अपने परिवार, प्रदेश एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए। खेलों को योग से जोड़ते



हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि स्वस्थ एवं आकर्षक मानव जीवन के सृजन में योग, व्यायाम एवं खेल का बहुत बड़ा योगदान होता है। समस्त छात्र/छात्राओं को अपनी दिनचर्या में खेलों के साथ योग, व्यायाम तथा ध्यान को निश्चित रूप से शामिल करना चाहिए।

अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि खेल खेलना व्यक्ति के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक, मनोवैज्ञानिक तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करता है। इसलिए यह उचित ही नहीं बल्कि आवश्यक भी है कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में खेल के प्रति अनुराग रखे और उसे अपनी दैनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण क्रिया के रूप में शामिल करे। प्राचार्य ने छात्र/छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता करने को उत्साहित किया। प्रतियोगिता में महत्व विजय का नहीं, बल्कि प्रतिभागिता का होता है।

# कई देशों के खिलाफ जहर उगलने वाले चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हटाए गए

**आक्रामक बयानों के लिए 'वुल्फ वॉरियर' कहे जाते हैं झाओ लिजियान**

**बीजिंग।** भारत व अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों के खिलाफ जहर उगलने वाले चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता पद से हटा दिया गया है। उन्हें सीमा और महासागर मामलों के विभाग में भेजा गया है।

वर्ष 2019 में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बने 50 वर्षीय झाओ अपनी जहरबुझी जुबान और आक्रामक बयानों के लिए 'वुल्फ वॉरियर' कहे जाते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय का प्रवक्ता नियुक्त होने से पहले झाओ ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चीनी दूतावास में उप राजदूत के रूप में कार्य किया था। चीन इस समय अपने विदेश विभाग में बदलाव के दौर से गुजर




रहा है। हाल ही में विदेश मंत्री वांग यी की जगह किन गेंग को नए विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। किन गेंग के साथ ही उनकी टीम से झाओ का हटना चीन की बदलती रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। अब वे भारत-चीन सीमा सहित भूमि और महासागरीय सीमाओं से संबंधित फैसलों से जुड़े विभाग में उपमहानिदेशक के रूप में काम करेंगे। झाओ लिजियान अपने बयानों के लिए खासे चर्चित रहे हैं। 2019 में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के रूप में कार्यभार संभालने वाले लिजियान ने मार्च 2020 में अमेरिकी सेना पर चीन में कोरोना वायरस लाने का आरोप लगाते हुए ट्वीट करके सुर्खियां बटोरी थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के रूप में वह कई बार भारत के खिलाफ भी जहरीले बयान दे चुके हैं। 2020 के बाद उनके ट्विटर पर फॉलोअर्स तेजी से बढ़ गए थे।

चीन में ट्विटर प्रतिबंधित है और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सॉफ्टवेयर से इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उस समय चीन वायरस के प्रकोप का सामना कर रहा था। यह वायरस सबसे पहले चीन के वुहान में ही फैला था, जिसके बाद इसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। इंटरनेट पर अमेरिका को जवाब देने की वजह से उन्हें 'इंटरनेट सेलिब्रिटी डिप्लोमेट' कहा जाता था।

# चीन को रास नहीं आई ऑस्ट्रेलिया-जापान दोस्ती, द्वितीय विश्व युद्ध की याद दिलाई

**बीजिंग/ केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया और जापान के बीच दोस्ती की पहल चीन को पसंद नहीं आ रही है। इससे खीजे चीन ने ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध की याद दिला दी है।

जानकारी के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में जापान के साथ सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। जापान को सामान्यतः हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए सुरक्षा समझौते को भी प्रशांत क्षेत्र में चीन को सीमित करने के प्रयास के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। यही कारण है यह समझौता चीन स्वीकार नहीं कर पा रहा है। भड़के चीन ने ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध तक की याद दिला दी है। चीन ने कहा है कि जापान से दोस्ती करने से पहले ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के युद्ध अपराधों



को याद रखना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में चीन के राजदूत जिओ कियान ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रेलिया पर जापानी हमलों को देखते हुए सरकार को जापान पर भरोसा करने के बारे में सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने ऑस्ट्रेलिया पर आक्रमण किया था और डार्विन पर भारी बमबारी की थी। जापान ने उस दौरान ऑस्ट्रेलियाई लोगों को मार डाला था और ऑस्ट्रेलियाई युद्ध बंदियों को गोली मार दी थी।

चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि चीन ऑस्ट्रेलिया का मित्र रहा है। जापान से दोस्ती से पहले उसे सोचना चाहिए कि भविष्य में क्या हो सकता है और इसके बारे में सावधान रहना चाहिए। जब कोई आपको धमकी देता है, तो वह आपको फिर से धमकी दे सकता है। इससे पहले भी चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच विवाद हो चुका है। यह विवाद 2020 में चरम पर था, जब चीन ने जौ और शराब जैसे प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई निर्यात पर टैरिफ को खत्म कर दिया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई कोयले के आयात को रोक दिया। एक समय तो चीनी सरकार के मंत्रियों ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के फोन तक उठाने से मना कर दिया था।

# अफगानिस्तान में भारत और चीन के बीच छिड़ा नया विवाद, ड्रैगन ने हथिया लिया ये बड़ा प्रोजेक्ट

**काबुल।** अफगानिस्तान में सत्ता हासिल कर लेने के बाद भी भारत ने तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद तालिबान ने भारत को निवेश का न्यौता दिया है। तालिबान निवेश की गुहार लगा रहा है। तालिबान के हुक्मरानों की तरफ से भी भारत से प्रोजेक्ट फिर से शुरू करने की बात भी कही जाती रही। भारत ने पिछले दो दशक में अफगानिस्तान में 22 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है। तमाम परियोजनाओं में पैसा लगाया। तालिबान ने मदद की गुहार लगाते हुए भारत से कहा है कि वो निवेश करे और नई इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाओं को शुरू करे। तालिबान का ये फैसला चौंकाने वाला है। जिसके पीछे की वजह है कि भारत के तालिबान के साथ अभी तक कोई औपचारिक रिश्ते नहीं हैं। अफगानिस्तान में भारत और चीन के बीच नया बवाल शुरू हो गया है। अफगानिस्तान प्राकृतिक संसाधनों का भंडार है। तालिबान चाहता है कि भारत अफगानिस्तान में आए। लेकिन भारत के आने से पहले चीन ने अफगानिस्तान में एक बड़ा प्रोजेक्ट हथिया लिया है। चीन ने अफगानिस्तान में तेल खनन का एक बड़ा ठेका हथिया लिया है। ये सौदा 25 साल की अवधि के लिए हुआ है। चीन ने इसे दोनों देशों के लिए एक अहम प्रोजेक्ट बताया है। दोनों देशों ने उत्तरी अमु दरिया बेसिन से तेल निकालने के लिए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद ये पहला सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय समझौता है। अफगानिस्तान में चीनी राजदूत वांग यू और तालिबान के उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की उपस्थिति में काबुल में चाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की एक सहायक कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। आपको बता दें कि कुछ वजहों के कारण भारत अफगानिस्तान में जाने से हिचक रहा है। भारत तालिबान के साथ किसी परियोजना पर काम करेगा या नहीं अभी कहना मुश्किल है। भारत के तालिबान के साथ कभी भी औपचारिक रिश्ते नहीं रहे हैं। ऐसे में अगर भारत अफगानिस्तान में इन परियोजनाओं को शुरू करता है।

## अमेरिका-भारत के रक्षा संबंध बेहद महत्वपूर्ण: पेंटागन

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका और भारत के रक्षा संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं।पेंटागन के प्रेस सचिव जनरल पैट राइडर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरक्षा और रक्षा सहयोग में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच बहुत ही महत्वपूर्ण संबंध हैं। राइडर ने कहा कि हम क्वाड जैसे मैकेनिज्म के जरिए पहले से ही विभिन्न मोर्चों पर एक-दूसरे के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसलिए हम 2023 में भी ऐसा करना जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

## चीन पर लगाम कैसे लगे, इस पर 12 जनवरी को चर्चा करेंगे अमेरिका-जापान

**वाशिंगटन।** चीन की आक्रामता और विस्तारवादी नीति पर कैसे लगाम लगे, इस पर अमेरिका और जापान 12 जनवरी को चर्चा करेंगे। पेंटागन ने कहा कि 2023 की यूएस-जापान सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रियों विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार करेंगे। पेंटागन के प्रेस सचिव जनरल पैट राइडर ने कहा कि दोनों देशों के नेता हिंद-प्रशांत और दुनिया भर में 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक गठबंधन के साझा दृष्टिकोण पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी रक्षा



मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन अपने जापान के समकक्षों रक्षा मंत्री हमादा यासुकाजू और विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा के साथ बैठक करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने दृष्टिकोण पर अडिग है। जापान इस क्षेत्र में सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक है। यूएस-जापान गठबंधन हिंद-प्रशांत सुरक्षा की आधारशिला है। संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान सरकार के साथ 12 जनवरी को पांचवें इंडो-पैसिफिक बिजनेस फोरम में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा होगी।

# बांग्लादेश के लिए बोझ बन गए हैं रोहिंग्या

**ढाका।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री डॉ. हसन महमूद ने 12 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस भेजने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दबाव बनाने की अपील की। उन्होंने ढाका के सूचना भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, रोहिंग्या बांग्लादेश के लिए बोझ बन गए हैं। बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों में रह रहे कई रोहिंग्या मांग कर रहे हैं कि उन्हें सुरक्षा के साथ म्यांमार लौटाया जाए। बांग्लादेश इस बारे में क्या सोचता है? इस सवाल के जवाब में डॉ. हसन महमूद ने कहा कि 2017 में लाखों रोहिंग्या के अचानक बांग्लादेश आने के बाद से जो सहायता आ रही थी वह कम हो गई है। बांग्लादेश में पहले से ही बहुत अधिक जनसंख्या घनत्व है - लगभग 1,248 प्रति वर्ग किलोमीटर। यह भारत से ज्यादा है। हालांकि, बांग्लादेश से जितना बन पड़ा है कर रहा है।



अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय यूक्रेन में शरणार्थियों को लेकर चिंतित है। अधिकांश पश्चिमी देश सोच रहे हैं कि रोहिंग्याओं को वापस भेजने के बजाय उन्हें बांग्लादेश में रखना बेहतर होगा।

डॉ. हसन महमूद ने कहा, 'रोहिंग्या समस्या का एकमात्र समाधान बांग्लादेश आए सभी रोहिंग्याओं को गरिमा के साथ म्यांमार वापस करना है। इसके लिए मीडिया को अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बनाना होगा। कोलकाता में बांग्लादेश दूतावास के उप राजदूत अंदलीब इलियास ने कहा, बांग्लादेश एक तरफ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम मानवता को नहीं भूले हैं।

साढ़े पांच साल पहले जब रोहिंग्या बड़ी तादाद में आने लगे तो हम असमंजस में थे। मैं सरहद की हालत देखकर सोच रहा था कि हम क्या करें। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें आने दो। भले ही हम पीड़ित हों, हम अपने संसाधन साझा करेंगे और जीवित रहने का प्रयास करेंगे।

# पाकिस्तान के गृह मंत्री पर फेंका जूता, गाड़ी से टकरा कर पत्रकारों पर गिरा

**लाहौर।** पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह पर जूता फेंका गया। पंजाब विधानसभा की बैठक से बाहर निकल रहे सनाउल्लाह पर फेंका गया जूता उनकी गाड़ी से टकराकर वहां मौजूद पत्रकारों पर जा गिरा।


पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विधानसभा सत्र के समापन के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह वापस लौट रहे थे। विधानसभा परिसर के बाहर भारी संख्या में पत्रकार भी एकत्र थे। उसी समय गाड़ी कुछ धीमी हुई तो एक जूता तेजी से उनकी ओर फेंका गया। इस संबंध में वायरल वीडियो में राणा सनाउल्लाह अपनी आधिकारिक कार की आगे वाली यात्री सीट पर बैठे हैं। तभी एक जूता तेजी से उनकी ओर आता है और कार के आगे के शीशे से टकराकर उछल जाता है। यह जूता कार के शीशे



से टकराकर वहीं खड़े पत्रकारों पर जाकर गिरा। इस घटना के बाद राणा सनाउल्लाह की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। दावा किया गया है कि पंजाब विधानसभा में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) के सदस्य राशिद हफीज के ड्राइवर ने यह जूता फेंका है।

# साइबेरिया से रूस जा रहे विमान का खुला पिछला दरवाजा, दहशत में अटकीं यात्रियों की सांसें

**मॉस्को।** साइबेरिया से रूस जा रहे विमान में सवार यात्री उस समय सकते में रह गए, जब उड़ान के दौरान विमान का पिछला दरवाजा खुल गया। दहशत में यात्रियों की सांसें अटक गयीं और बमुश्किल स्थितियों पर काबू पाया जा सका। रूस की विमान सेवा आईआर एयरो के एन-26 ट्विन प्रोप विमान ने साइबेरिया के शहर मागन से रूस के शहर मागादान के लिए उड़ान भरी थी। विमान जब लगभग 2900 मीटर की ऊंचाई पर था, उसी समय विमान का पिछला दरवाजा खुल गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। विमान में चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 25 यात्री सवार थे। बताया गया कि अचानक वायु का दबाव बढ़ने की समस्या के चलते विमान का पिछला दरवाजा खुला था। अचानक दरवाजा खुलने से यात्रियों का सामान बिखर गया



और यात्रियों की भी चीख निकल गयी। इसके बाद विमान को रूस की जगह साइबेरिया के ही मागन शहर की ओर मोड़ दिया गया। मागन के विमान तल पर विमान उतार कर उसका दरवाजा सही किया गया और पूरे विमान का तकनीकी निरीक्षण भी किया गया। तकनीकी समस्या दूर करने के बाद विमान को फिर से रूस के लिए रवाना किया गया। यात्री स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहे थे, क्योंकि इस घटना में कोई चुटहिल तक नहीं हुआ। विमान में यात्रा कर रहे एक यात्री ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि उड़ान के दौरान विमान का पिछला दरवाजा खुला हुआ है और इससे विमान के अंदर उथल-पुथल की स्थिति है।

## गूगल को 936 करोड़ रुपये के जुमार्ना मामले में एनसीएलटी से नहीं मिली अंतरिम राहत

**नई दिल्ली/मुंबई।** अमेरिकी सर्च इंजन कंपनी गूगल को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) से राहत नहीं मिली है। एनसीएलएटी ने गूगल पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 936.44 करोड़ रुपये के जुमार्ना मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। एनसीएलएटी ने गूगल को लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुमार्ने की दस फीसदी राशि को अगले चार हफ्ते के भीतर उसकी रजिस्ट्री में जमा करवाने का निर्देश दिया है। दरअसल, सीसीआई ने गूगल पर यह जुमार्ना प्ले स्टोर नीतियों के संबंध में अपनी दबदबे वाली स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए लगाया था। न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने बुधवार को गूगल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया है। इसके साथ ही सीसीआई सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। एनसीएलएटी की पीठ ने सीसीआई के जुमार्ने के आदेश के खिलाफ गूगल की याचिका को स्वीकार कर लिया, लेकिन जुमार्ने के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वह अन्य पक्षों को सुनने के बाद ही कोई आदेश देगी। इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल, 2023 को होगी। पिछले हफ्ते भी एनसीएलटी ने गूगल को उस पर सीसीआई के लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुमार्ने का 10 फीसदी अदा करने का निर्देश दिया था। दरअसल, सीसीआई ने अक्टूबर में गूगल पर 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया था। सीसीआई ने प्ले स्टोर पॉलिसीज में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 936.44 करोड़ रुपये और इससे पहले रेगुलेटर ने एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइसेज के संबंध में कई बाजारों में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए 1,337.76 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नासा की तकनीकी कमान भारतवंशी को सौंपी गयी, एसी चारणिया बने चीफ टेक्नोलॉजिस्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की तकनीकी कमान एक भारतवंशी को सौंपी गयी है। भारतीय मूल के वैज्ञानिक एसी चारणिया को नासा का चीफ टेक्नोलॉजिस्ट बनाया गया है। उन्होंने समारोह पूर्वक नए दायित्व की शपथ लेकर काम संभाला।

नासा ने अपनी तकनीकी कमान भारतीय अमेरिकी एयरोस्पेस विशेषज्ञ एसी चारणिया को सौंपी है। वह प्रौद्योगिकी नीति और अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर नासा चीफ बिल नेल्सन के प्रमुख सलाहकार के रूप में काम करेंगे। नासा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एसी चारणिया नासा के छह मिशनों की जरूरतों के साथ एजेंसी के प्रौद्योगिकी निवेश का काम देखेंगे। साथ ही संघीय एजेंसियों, निजी क्षेत्र और बाहरी शेयरहोल्डर्स के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग की देखरेख करेंगे।

इस घोषणा के बाद चारणिया ने एक समारोह में शपथ लेकर नया दायित्व संभाल लिया। उन्होंने भी सोशल मीडिया पर अपने नए



दायित्व की जानकारी दी। चारणिया ने कहा कि 21वीं सदी में हम जिस तरह की प्रगति चाहते हैं, वह हमारे अभियानों को निष्पादित करने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ उपयुक्त पोर्टफोलियो को चुनने पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि नासा के भीतर और बाहर अविश्वसनीय अवसर हैं। वे अब अंतरिक्ष और विमानन प्रगति को बढ़ाने के लिए काम करने का इंतजार कर रहे हैं।

नासा में शामिल होने से पहले चारणिया अमेरिका में ही रिलायबल रोबोटिक्स कॉरपोरेशन में उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा इसके अलावा उन्होंने एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन के ब्लू मून लूनर लैंडर कार्यक्रम और नासा के साथ कई टेक्नोलॉजी अभियानों पर काम किया है। इसके अलावा चारणिया ने स्पेस टूरिज्म कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक (अब वर्जिन ऑर्बिट) के लॉन्चरवन स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम के लिए रणनीति और बिजनेस डेवलपमेंट में भी काम किया है।

चारणिया ने जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक और मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने एमोरी विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र व गणित में स्नातक की डिग्री भी ली है। चारणिया से पहले नासा के चीफ टेक्नोलॉडिस्ट का दायित्व कार्यवाहक रूप से भारतवंशी भव्या लाल संभाल रही थीं। भव्या लाल ने कहा कि नासा के हर मिशन में तकनीक की भूमिका अहम रहती है। ऐसे में वे तेजी से बदलते प्रौद्योगिकी सेक्टर के प्रबंधन में अनुभवी एसी चारणिया को नासा में काम करते देखने के लिए उत्सुक हैं।

## बाइडन ने कहा- अपने कार्यालय में गोपनीय दस्तावेज मिलने के बारे में जानकर 'आश्चर्यचकित' हूं

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि उनके एक निजी कार्यालय में कुछ गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, जिनका इस्तेमाल उन्होंने कभी 'वाशिंगटन थिंक टैंक' कार्यालय के रूप में किया था। उन्होंने कहा कि वह इन दस्तावेजों की समीक्षा में ''पूरी तरह से सहयोग'' करेंगे। मेक्सिको के राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें नहीं पता था कि उपराष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान के सरकारी रिकॉर्ड उनके 'थिंक टैंक कार्यालय' ले जाए गए थे। बाइडन ने 2017 के मध्य से समय-समय पर इस कार्यालय का उपयोग किया।तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2020 के राष्ट्रपति अभियान की शुरुआत तक उन्होंने इस जगह का इस्तेमाल किया। बाइडन ने मैक्सिको सिटी में संवाददाताओं से कहा, ''लोग जानते हैं कि मैं गोपनीय दस्तावेजों या गोपनीय सूचनाओं को गंभीरता से लेता हूं। जब मेरे वकील पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय में मेरे कार्यालय में दस्तावेजों को देख रहे थे, तो उन्होंने मेरे लिए कैपिटल में एक सुरक्षित कार्यालय स्थापित किया था। उपराष्ट्रपति के कार्यकाल के बाद चार साल तक मैं पेन में प्रोफेसर था।''

